राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 92 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की।

# भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाना चाहिए: मोदी

## न्याय व लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार, सीबीआई के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन, भ्रष्टाचार के खिलाफ राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं: मोदी

### भ्रष्टाचार बड़ी समस्या

= भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बिना हिचकिचाहट के कार्रवाई करने को कहा, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने सोमवार को भ्रष्टाचार को न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताया और कहा कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करना है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई करने को कहा, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो की स्थापना 1 अप्रैल 1963 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा की गई थी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं है, यह गरीबों के अधिकार छीनता है, यह कई अन्य अपराधों को जन्म देता है, भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।' उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार लोकतंत्र को बाधित करता है और सबसे पहले शिकार युवाओं के सपने होते हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और एक वंशवादी व्यवस्था को बढ़ावा देता है जो देश की ताकत को कम करता है।




### 'भ्रष्टाचार ने बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद किया'

**पीएम** मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार ने हमारी अर्थव्यवस्था के आधार यानी हमारे बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया था। बीते वर्षों में हम बहुत मेहनत करके अपने बैंकिंग सेक्टर को मुश्किलों से बाहर निकाल कर लाए हैं। आज हम इंटरनेट बैंकिंग की बात करते हैं, यूपीए रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन की बात करते हैं।

### 'लाभार्थियों को लूटते थे भ्रष्टाचारी'

**मोदी** बोले कि पिछले कई दशकों से भ्रष्टाचारियों ने देश का खजाना लूटने का एक और तरीका बना रखा था। ये लोग सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लूटते थे। आज जनधन, आधार, मोबाइल की ट्रिनिटी से हर लाभार्थी को उसका पूरा हक मिल रहा है। जैसे-जैसे भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है।


### 'राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत'

**पीएम** मोदी ने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। सीबीआई को कहीं भी हिचकने, कहीं रुकने की जरूरत नहीं है। इसलिए हमें क्राइम और करप्शन के मल्टी नेचर को समझना होगा और उसकी जड़ तक पहुंचना होगा।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को चारधाम यात्रा, आदि कैलाश और लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम के लिए आमंत्रित किया।

## आतंकी यासिन समेत 11 पर कोर्ट ने तय किए आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पटियाला हाउस कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के सह-संस्थापक यासिन भटकल समेत 11 आरोपितों पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के मामले में आरोप तय किये हैं। स्पेशल जज शैलेंद्र मलिक ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने कहा कि यासिन भटकल की चैट से सूरत में बम धमाके की योजना के बारे में खुलासा हुआ है। चैट से पता चलता है कि ब्लास्ट से पहले वहां से मुस्लिमों को हटाने की साजिश रची गई थी। यासीन भटकल न केवल एक बड़ी साजिश में शामिल था, बल्कि आईईडी बनाने में भी सहायता की थी। इंडियन मुजाहिद्दीन ने भारत के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बड़े पैमाने पर नए सदस्यों की भर्ती की।

## हुगली में शोभायात्रा के दौरान हिंसा



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में रामनवमी से शुरू हुआ बवाल अब भी जारी है। 30 और 31 मार्च को हावड़ा और अन्य इलाकों में हिंसा के बाद हुगली के रिशरा इलाके में शोभायात्रा के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की और वाहनों में आग लगा दी। पथराव के दौरान भाजपा विधायक बिमान घोष घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस झड़प में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए, जिसके बाद हिंसक भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। फिलहाल हुगली और आसपास के इलाकों में धारा 144 लगा दी गई है। अब तक हिंसा में शामिल 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही 5 अप्रैल तक स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद के** बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुचारु ढंग से नहीं चल पाई। राहुल गांधी की संसद सदस्यता और अडाणी के मुद्दे पर कांग्रेसी नेताओं ने जमकर हंगामा किया। आखिरकार दोनों सदन की कार्यवाही बुधवार, 5 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**कांग्रेस नेता काले कपड़े पहनकर पहुंचे थे:** दूसरे चरण में 12 दिनों की कार्यवाही हंगामें की भेंट चढ़ चुकी है। 13वां दिन था। सत्र के 12वें दिन यानी पिछले बुधवार को कांग्रेस नेता काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे। लोकसभा में कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर के सामने 'सेव डेमोक्रेसी' के पोस्टर दिखाए और काले कपड़े लहराए।

## सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को दी फौरी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ अदालत में अपील करने के लिए सोमवार को सूरत पहुंचे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी भाई राहुल के साथ सूरत आईं। सूरत कोर्ट ने राहुल को 13 अप्रैल तक जमानत दे दी। वहीं, उनकी सजा के खिलाफ सुनवाई के लिए तीन मई की तारीख दे दी। राहुल के सूरत जाने पर राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ये लोग अपील के नाम पर हुड़दंग करने जा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि यह राहुल गांधी के साथ उनकी एकजुटता है। बीते



महीने सूरत के सीजेएम कोर्ट ने मोदी सरनेम मानहानि केस में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने इस सजा को चुनौती देने के लिए राहुल को एक महीने का समय दिया था। सजा सुनाए जाने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता चली गई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए याचिका तैयार की गई है।

## बावड़ी हादसा: मंदिर समेत अन्य स्थानों पर चलाया बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

**रामनवमी** के दिन बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर स्थित बावड़ी धंसने की घटना से सबक लेते हुए इंदौर नगर निगम और पुलिस ने सोमवार को मंदिर के अलावा तीन अन्य स्थानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। प्रशासनिक अफसरों के मुताबिक, बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी को मलबे से भरा जाएगा। नगर निगम का अमला सुबह से ही बावड़ी हादसे वाले स्नेह नगर गार्डन और मंदिर, ढक्कन वाला कुआं, सुखलिया और गडरा खेड़ी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में जुटा हुआ है। गडरा खेड़ी में फुटपाथ के नीचे दबे हुए कुएं को नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त कराया। इसके ऊपर फुटपाथ बना था और खाटू श्याम मंदिर की दीवार बनी थी।

## 'हरियाणा में 100 से अधिक व्यक्तियों की भीड़ वाले क्षेत्रों में मास्क पहनना अनिवार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में 100 से अधिक व्यक्तियों की भीड़ वाले क्षेत्रों में मास्क पहनना अनिवार्य किया जाएगा ताकि कोविड संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा, राज्य के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है।

श्री विज स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोविड संक्रमण को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**कोविड मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग करने के निर्देश:** उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि खांसी, जुकाम के मरीज अस्पताल में आते हैं तो ऐसे मरीजों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जिन मरीजों की कोविड की टेस्टिंग की गई है और उन्हें कोविड पाया जाता है तो ऐसे मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग भी की जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक जो कोविड का वेरिएंट आया है वह काफी माइल्ड हैं।

**पिछले एक सप्ताह में राज्य में 25404 टेस्टिंग की:** उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान में 724 सक्रिय मरीज हरियाणा में हैं लेकिन इसमें से कोई अस्पताल में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में राज्य में 25404 टेस्टिंग की जा चुकी है।

## खालिस्तानी अमृतपाल की तलाश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस पं**जाब दे के मुखी अमृतपाल सिंह को पुलिस की गिरफ्त से बाहर 17 दिन हो गए हैं। इन 17 दिनों में अमृतपाल सिंह वापस पंजाब आकर एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा है। अब पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके साथी पपलप्रीत के पोस्टरों को मानसा के चौक चौराहों पर लगा दिया है। इस बीच बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यहां पंजाब सरकार ने कहा कि अमृतपाल का चाचा हरजीत सिंह



अवैध हिरासत में नहीं है। उसका नाम अजनाला हिंसा में शामिल है। उसके खिलाफ केस दर्ज है। इस मामले में अब 11 अप्रैल को फिर सुनवाई होगी। उधर, पुलिस सूत्रों के मुताबिक अमृतपाल की तलाश में पंजाब पुलिस उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में पहुंची है। यहां एक

### चकमा दिया

= अब पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके साथी पपलप्रीत के पोस्टरों को मानसा के चौक चौराहों पर लगा दिया है

धार्मिक स्थल में सर्च ऑपरेशन चलाया है। पुलिस का यहां पर अमृतपाल के पनाह लेने का शक है। यहां से नेपाल बॉर्डर भी नजदीक है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अमृतपाल जिस स्कॉर्पियों से पंजाब लौटा था, उसका कनेक्शन इस धार्मिक जगह से है।

## कोरोना के 3,641 नए मरीज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में** कोरोना के मामले एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3,641 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान सात संक्रमित लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में 1,800 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब तक कोरोना वायरस से 4,41,75,135 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.76 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 20,219 हो गई है।

### ध्वनिमत से पारित

### कानून रद्द करने के सरकार के फैसले पर विधानसभा में जोरदार हंगामा

## हिमाचल लोकतंत्र प्रहरी सम्मान कानून रद्द करने पर विपक्ष का वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**


**हिमाचल** प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान कानून रद्द कर दिया है। इस संबंध में आज प्रदेश विधानसभा ने कानून को रद्द करने संबंधी सरकार द्वारा लाए गए विधेयक को सदन ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस कानून को निरस्त करने के विरोध में विपक्ष ने पहले सदन में जोरदार हंगामा किया और बाद में पूरा विपक्ष विरोध स्वरूप सदन से उठकर बाहर चला गया। हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान कानून को रद्द करने संबंधी



विधेयक संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सदन में पेश किया। इस विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने लोकतंत्र प्रहरी सम्मान के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

उन्होंने कहा कि इस सम्मान राशि के नाम पर पूर्व भाजपा सरकार ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जो गलत किया है, हम उसे जारी रखने के लिए बाध्य नहीं है। इसलिए हमारी सरकार ने इस कानून को निरस्त करने का फैसला किया है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकारी धन के दुरुपयोग पर भाजपा को शर्म आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आपातकाल में किसी को भी सजा स्वरूप जेल नहीं भेजा गया, बल्कि उन्हें एहतियात के लिए जेल में रखा गया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने लोकतंत्र प्रहरी सम्मान के नाम पर 3.43 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर डाली।

# 'स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनना अनिवार्य'

## होम आइसोलेशन की मरीजों की मदद के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाए ताकि ऐसे मरीजों से संपर्क करके उन्हें सहायता दी जा सकें

**8 लोग कोविड से बचाव के लिए सोशल डिस्टेसिंग, बार-बार हाथ धोना, मास्क पहनना और ज्यादा तरल लेना इत्यादि का पालन करें**





**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में 100 से अधिक व्यक्तियों की भीड वाले क्षेत्रों में मास्क पहनना अनिवार्य किया जाएगा ताकि कोविड संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा, राज्य के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है। विज स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोविड संक्रमण को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**कोविड मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग करने के निर्देश:** उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि खांसी, जुकाम के मरीज अस्पताल में आते हैं तो ऐसे मरीजों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जिन मरीजों की कोविड की टेस्टिंग की गई है और उन्हें कोविड पाया जाता है तो ऐसे मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग भी की जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक जो कोविड का वेरिएंट आया है वह काफी माइल्ड हैं।

**पिछले एक सप्ताह में राज्य में 25404 टेस्टिंग की:** उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान में 724 सक्रिय मरीज हरियाणा में हैं लेकिन इसमें से कोई अस्पताल में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में राज्य में 25404 टेस्टिंग की जा चुकी है। इसके अलावा, कोरोना की पहली वैक्सीनेशन डोज 103 प्रतिशत, दूसरी डोज 86 प्रतिशत लगाई गई जबकि प्रीकॉशन डोज में कमी हैं लेकिन राज्य के सभी सिविल सर्जन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों को प्रीकॉशन डोज लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि लोगों को प्रीकॉशन डोज लगाई जा सकें।

**कोविड के प्रोटोकॉल को स्वयं की प्रेरणा से लोगों को मानना चाहिए:** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोग कोविड से बचाव के लिए सोशल डिस्टेसिंग, बार-बार हाथ धोना, मास्क पहनना और ज्यादा तरल लेना इत्यादि का पालन करें तो इससे बड़ी ही आसानी से लडा जा सकता हैं। विज ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड के प्रोटोकोल को स्वयं की प्रेरणा से लोगों को मानना चाहिए।

**राज्य में टेस्टिंग, टेजसिंग, ट्रीटमेंट, टीम वर्क और टैजकिंग तथा मॉनिटरिंग पर काम किया जा रहा है:** बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया गया कि आगामी 10 व 11 अप्रैल को राज्य के विभिन्न स्थानों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। राज्य में टेस्टिंग, टेजसिंग, ट्रीटमेंट, टीम वर्क और टैजकिंग तथा मॉनिटरिंग पर काम किया जा रहा हैं। इसके अलावा, राज्य के सभी सिविल सर्जन को टैस्टिंग दोगुणी करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। मंत्री को अवगत कराया गया है कि एसएआरआई, आईएलआई, फ्लु कॉर्नर की शत-प्रतिशत टेस्टिंग की जा रही है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री को बताया गया कि अभी तक की टेस्टिंग में एक्सबीबी.1 और एक्सबीबी.1.5 वेरिएंट पाया गया है। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड संक्रमण को रोकने के लिए फ्लु कॉर्नर, टेस्टिंग उपकरण, दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था करने के साथ-साथ वैक्सीनेशन पर बल दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाई रिस्क वाले लोगों की वैक्सीनेशन की जाए। होम आइसोलेशन की मरीजों की मदद के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाए ताकि ऐसे मरीजों से संपर्क करके उन्हें सहायता दी जा सकें। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने क्या करें व क्या न करें के संबंध में एसओपी तैयार करने के लिए निर्देश भी अधिकारियों को दिए। जिसमें भीडभाड वाले क्षेत्रों में मास्क पहनना अनिवार्य, साबुन या सैनिटाइजर या पानी से हाथों को धोएं, आंखों, नाक व मुंह का छूने से बचें, संक्रमित व्यक्ति से एक हाथ की दूरी बनाए रखें, खांसते व छींकते समय अपने मुंह को ढंक लें, पानी ज्यादा पीएं और पोषित आहार लें। इसी प्रकार, क्या न करें में हाथ न मिलाएं।

# 'स्टार्टअप शुरू करने से पहले ज्ञान लेना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**फैकल्टी** ऑफ कॉमर्स के एसोसिएट डीन व युक्ति के कॉर्डिनेटर डॉ. के. ताराशंकर ने कहा कि नए स्टार्टअप से पहले फाउंडर एग्रीमेंट, इनलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन और लेबर कानून के बारे में जान लेना चाहिए। उन्होंने छात्रों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह बात उन्होंने यूनिवर्सिटी द्वारा नए स्टार्ट अप शुरू करने से पहले आने वाली कानूनी अड़चनों से अवगत करवाने के लिए प्लानिंग स्टार्टअप विद फोकस ऑन लीगल एसपैकट्स शीर्षक पर एक एक्सपर्ट टॉक में कही। यह कार्यक्रम फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन एण्ड मीडिया टेक्नॉलजी व सेंटर ऑफ लेंगवेज एण्ड कम्यूनिकेशन के द्वारा द इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत किया गया। डा. ताराशंकर ने कहा कि एक योजना को विकसित करने, धन जुटाने, संसाधनों का निर्धारण करने सहित पांच चरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए इसका महत्व भी बताया। उन्होंने यह भी कहा कि एसजीटी विश्वविद्यालय भी स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर के तहत आर्थिक व तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने से पहले डॉक्यूमेंट पूरे होने चाहिए, ताकि कानूनी तौर पर आने वाली दिक्कतों से बचा जा सकता है। इसके साथ ही डॉ. ताराशंकर ने सरकार की योजना युक्ति के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी और कहा कि यह एक ऐसी योजना है कि जब कोई व्यक्ति अपने स्टार्टअप के बारे में सरकार को कोई सुझाव देता है तो इस योजना के तहत सरकार आर्थिक तौर पर लोगों की मदद करती है।

विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन एण्ड मीडिया टेक्नॉलजी के डीन प्रोफेसर सुशील मानव ने कहा कि हमेशा रोजगार लेने की बजाय रोजगार देने वाले बनें। इसके साथ ही प्रोफेसर मानव ने गुरुग्राम से शुरू हुए नए स्टार्टअप ब्लिंकिट की सफलता के बारे में भी बताया।

# 'पांच लाख कार्यकर्ता 6 अप्रैल को अपने घरों पर लगाएंगे भाजपा का झंडा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस के दिन सुबह 9 बजे 5 लाख कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुनेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने यह जानकारी सोमवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता के दौरान साझा की। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक का समय समरसता सप्ताह के रूप में मनाएगी। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी संजय आहूजा और प्रवक्ता प्रवीण अत्रे भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस 6 अपैल को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देशव्यापी दीवार लेखन कैंपेन शुरू कर रहे हैं। हरियाणा में भी यह कैंपेन इसी दिन शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीवार लेखन के दौरान मकान मालिकों की स्वीकार्यता भी ली जाएगी।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नए पन्ना प्रमुख बनाने का लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है और 6 अप्रैल तक 100 प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार पार्टी बूथ से पन्ना तक पहुंची और उसकी ताकत भी चार गुना बढ़ रही है। धनखड़ ने बताया कि 6 से 11 अप्रैल तक मनाए जाने वाले समरसता सप्ताह के दौरान 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले और 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती को व्यापक रूप से मनायी जाएगी, इसका दायित्व एससी और बीसी मोर्चा तथा संगठन कार्यकर्ताओं को सौंप दिया गया है। धनखड़ ने बताया कि अब पार्टी का संगठन इतना मजबूत हो गया है कि हम एक ही दिन में 308 मंडलों की बैठक कर रहे हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर लोवा कलां सिदीपुर में 61वें देशव्यापी भंडारे की तैयारियां शुरू

**8 हनुमान जन्मोत्सव पर 6 अप्रैल बृहस्पतिवार को 61वें देशव्यापी देशी घी के विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
गांव लोवा कलां सिदीपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर 6 अप्रैल बृहस्पतिवार को 61वें देशव्यापी देशी घी के विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। देशव्यापी भंडारे में विभिन्न खापों, तपों, पंचायतों के प्रतिनिधियों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के
खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, टी.वी. कलाकार, राजनीतिक हस्तियां व उद्योगपति,व्यापारी व विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व अन्य संगठनों से जुड़े लोग शिरकत करेंगे।
२देशव्यापी देशी घी के भंडारे के आयोजक अशोक मान, दलबीर मान, सिकंदर मान,
विराट मान, पारस मान, सूर्य मान, आर्यन मान, साहिब मान, मानसी मान ने बताया कि लोवा कलां, सिदीपुर, ईस्सरहेड़ी समस्त ग्रामवासी के सहयोग से यह देशव्यापी देशी घी का भंडारा आयोजित हो रहा है।



आयोजकों के अनुसार इस देश व्यापी भंडारे में आसपास के गांवों के अलावा काफी दूर-दराज से लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए आते है। अशोक मान, दलबीर मान ने बताया कि 6 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम में सुबह 8 बजे हवन यज्ञ होगा। उसके बाद सुबह 10 प्रवचन प्रारम्भ होंगे और साथ में देशी घी का भंडारा भी शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इस देशव्यापी भंडारे के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भंडारे के लिए प्रसाद बनाने का कार्य हलवाईयों ने शुरू कर दिया है। देशव्यापी भंडारे में लड्डू बनाने का कार्य शुरू हो गया है। आने वाले सभी लोगों के लिए बैठने व प्रसाद ग्रहण करने की सभी उचित व्यवस्था भी की गई है। अशोक मान व दलबीर मान का कहना है कि उनकी माता स्व. बेदवती देवी ने इस भंडारे के आयोजन को शुरू किया था। जिसके बाद पिता स्व श्रीचंद मान जो कि लोवा कलां सत्रह के प्रधान भी रहे। उन्होंने इस भंडारे के आयोजन को निरंतर आगे बढ़ाया। भंडारे के संस्थापक माता-पिता रहे हैं और अब उनके निधन के बाद परिवार के सभी सदस्य मिलकर समस्त ग्रामीणों के सहयोग से इस देशव्यापी भंडारे का सफल आयोजन करते आ रहे हैं।

# कर्ज के मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**प्रदेश** की आर्थिक स्थिति और कर्ज के बोझ को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच वाकयुद्ध रुक नहीं रहा है। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि विपक्ष के नेता हर दिन अपने आंकड़े और बयान बदल रहे हैं, इससे उनकी छवि खराब हो रही है। सोमवार को चंडीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा आंकड़ों के साथ मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने सरकार पर ही आंकड़े छुपाने और लोगों को गुमराह करने का आरोप जड़ा। अपने आंकड़ों को सही बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बार फिर दोहराया कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ चार लाख करोड़ से अधिक हो चुका है। उन्होंने कैग और आरबीआई (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट और आंकड़े भी मीडिया के सामने रखे। इतना ही नहीं, पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि सरकार जो बजट पेश करती है, वह संशोधित अनुमानों में हर बार पंद्रह प्रतिशत तक कम हो जाता है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसा ही नहीं है। अगर ऐसे ही कर्ज बढ़ता रहा तो प्रदेश के हालात भी पंजाब जैसे हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के आरोपों पर हुड्डा ने कहा कि, अगर मेरे आंकड़े गलत हैं तो प्रदेश सरकार राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत-पत्र जारी करे। लोगों के सामने सच्चाई आ जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक गीता भुक्कल, कुलदीप वत्स, वरुण चौधरी, सुभाष गंगौली, इंदूराज नरवाल सहित कई वरिष्ठ नेता भी उनके साथ मौजूद थे।

# जींद में पूर्व एमएलए का चौटाला परिवार पर वार

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**हरियाणा** में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला परिवार और पूर्व मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह के परिवार में चल रही जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही। बीरेंद्र सिंह का परिवार चौटाला परिवार पर तंज कसने का एक भी मौका नहीं चूक रहा। उचाना की पूर्व विधायक एवं चौ. बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेमलता ने सोमवार को जजपा महासचिव दिग्विजय चौटाला पर प्रहार कर उसे 12वीं पास बताया। प्रेमलता ने

**8 सोचती थी कि दिग्विजय चौटाला बहुत ज्यादा पढ़ा लिखा है, लेकिन वह तो मात्र 12वीं पास ही निकला**

कहा कि वह सोचती थी कि दिग्विजय चौटाला बहुत ज्यादा पढ़ा लिखा है, लेकिन वह तो मात्र 12वीं पास ही निकला। उसमें काफी बचपना है और वह चैलेंज अपने पिता की उम्र के लोगों को दे रहा है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला इस तरह की भाषा नहीं बोलता। वह मर्यादित भाषा बोलता है। प्रेमलता ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने अलेवा में अपने बयान, जिसमें उसने कहा था कि अगर बीरेंद्र सिंह उचाना हलके में 100 काम गिनवाते हैं, वह 200 काम गिना सकते हैं, पर कहा कि हलके की जनता ही बताएगी, किसने कितने काम करवाए हैं। बीरेंद्र सिंह और अजय चौटाला परिवार के बीच पिछले कई दिनों से बातों का वार चल रहा है।

## अब एक पद पर तैनात तीन साल पुराने कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि संवेदनशील पदों पर तीन साल से अधिक समय से कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार कर 10 दिन में मुख्य सचिव कार्यालय को उपलब्ध कराएं। मुख्य सचिव सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक सचिवों तथा जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। कौशल ने कहा कि सरकार ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को उनके अधीन विभाग, बोर्ड और निगमों के संवेदनशील पदों और उन पर तीन साल से अधिक समय से कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी एक निर्धारित प्रोफार्मा में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे।

# खराब हुई फसल को लेकर डीसी ने किया गांवों का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि हाल ही में बेमौसमी बरसात एवं ओलावृष्टि से, हो रहे रबी फसल के नुकसान के कारण हरियाणा सरकार द्वारा सोनीपत जिले के किसानों के लिए 10 अप्रैल तक ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है। जिन भी किसानों को फसल खराबे के कारण नुकसान हुआ है उन सभी किसानों को सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त ने जिला के गांव चौलका, खांडा, सेहरी, नकलोई, निरथान, बिधलान, सिलाना, फरमाना, रिढाऊ, मौजम नगर, माजरा, आंवली, बिलबिलान, कटवाल, लाठ, जौली, बली ब्राह्मण, भैसवाल कलां व



भैंसवाल खुर्द आदि गांवों में बेमौसमी बरसात एवं ओलावृष्टि से हुए फसल खराबे को लेकर दौरा किया। उपायुक्त ने जिला के प्रभावित किसानों को आश्वस्त किया है कि उन्हें मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप एक माह के भीतर राहत प्रदान कर दी जाएगी। जिला सोनीपत के सभी 347 गांवों का स्टाफ द्वारा दौरा किया जा रहा है। खराबे की

**8 किसानों के लिए 10 अप्रैल तक ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को पुन: खोल दिया गया है**

वास्तविक रिपोर्ट सरकार को समय पर भेज दी जाएगी और सरकार की पॉलिसी के तहत किसानों को फसल खराबे के कारण हुए नुकसान का सरकार द्वारा पूरा मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावित किसानों को कतई चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा नहीं करवाया है उन किसानों को भी राज्य सरकार ने मुआवजा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि रबी-2023 फसलों में हुई क्षति से किसानों को राहत देने के उद्देश्य से ही ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को आगामी 10 अप्रैल तक पुनः खोला गया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी यदि किसी प्रकार की दिक्कत आती है तो जिला लघु सचिवालय में एसडीएम, तहसीदार से सम्पर्क किया जा सकता है। सिवाच ने कहा कि ई-फसल क्षतिपूर्ति पर सूचना देने के लिए किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी फसल का पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाना होगा।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर शहर में निकाली शोभायात्रा

## भगवान महाबीर के जन्म कल्याणक की शोभायात्रा में मनमोहक झाकियां व गणमान्य लोग रथों पर थे सवार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को बड़ी धूमधाम से मनाई गई।मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा–अर्चना शुरू हो गई थी। भगवान महावीर के संदेशों को आत्मसात किया गया। इस पावन पर्व के अवसर पर 1008 दिगम्बर जैन मंदिर धर्मशाला सभा द्वारा शहर से शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महावीर के जीवन चरित्र को दर्शाती झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं बैंडवादन के साथ लवाजमा शामिल भी शामिल हुआ,इससे पहले समाजबंधुओं की ओर से दो दिवसीय आयोजन दो अप्रैल को शुरू किए गए थे, शोभायात्रा में ज्ञान वर्धक तथा संदेशात्मक झांकियां शामिल की गई



वहीं महिला मण्डल के अलावा बैण्ड बाजे, लवाजमा तथा रथ में विराजमान श्रीजी भी शामिल रहे इस अवसर पर दिगम्बर जैन मंदिर व धर्मशाला सभा के प्रधान सुरेंद्र जैन ने बताया कि वर्तमान में विश्व में फैल रही हिंसा का निदान केवल भगवान महावीर स्वामी द्वारा दिखाए गए अहिंसा के मार्ग पर ही चलकर किया सकता है, जिस पर चलकर कई महानुभाव महापुरुष बन गए। जैन ने बताया कि प्रातः 8 बजे जैन धर्म के ध्वज का आरोहण सुमन अरोरा जी के परिवार द्वारा मंदिर में किया गया। उन्होंने बताया कि 48 दीपों द्वारा रथ पर विराजमान श्री जी की भव्य आरती हुई। रथ यात्रा में सभी श्रद्धालुओं ने एक जैसे केसरिया वस्त्र पहने हुए थे। रथ यात्रा में विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियों ने भाग ले कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। रथयात्रा शहर के रेलवे रोड,नगर पालिका रोड़,देवीलाल चौक,जनता स्कूल रोड़ व कन्या स्कूल चौक से होती हुई जैन मंदिर पहुंच कर समापन हुआ। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रधान शेखर चंद जैन,गौरव जैन,पार्षद शिवानी जैन व सीता अस्पताल के संचालन डॉक्टर संजय जैन के अलावा विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास छबिल लगाकर जनसेवा की।

# कायजन 23 दा सोशल सवाल प्रतियोगिता में छाए जीडी गोयनका स्कूल के छात्र

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
जी डी गोयनका बहादुरगढ़ ने दिया छात्रों को आगे बढ़ने के लिए एक और अवसर। जी डी गोयनका विद्यालय प्रारंभ से ही अपने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए नए-नए अवसर प्रदान करता आ रहा है। इसी मुहिम में एक और कदम विद्यालय ने छात्रों को एन एस एस आईआईटी दिल्ली की ओर से आयोजित "कायजन 23 दा सोशल सवाल " प्रतियोगिता में हिस्सेदारी के साथ उठाया। विद्यालय के कक्षा नौवीं, दसवीं तथा ग्यारहवीं के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में प्रशंसनीय भागीदारी के साथ विद्यालय का



परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली एन सी आर के लगभग 50 विद्यालयों ने शिरकत की जहां जी डी गोयनका बहादुरगढ़ के छात्रों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति को दशार्या विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुचित्रा भट्टाचार्या जी ने कहा कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे सदैव इस तरह के अवसर छात्रों के लिए उपलब्ध करते रहेंगे तथा विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शैलजा जून जी ने बताया कि जी डी गोयनका विद्यालय का लक्ष्य और दूरदर्शिता छात्रों को आगे बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने में अग्रसर रहना है।

# हरियाणा में 1.30 लाख किसानों को नुकसान

## बरसात व ओलावृष्टि के दौरान खराब हुई फसलों का मुआवजा सरकार विशेष गिरदावरी करवा कर अगले माह तक दे दिया जाएगा: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/भिवानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है और प्राकृतिक आपदा जैसी हर परिस्थिति में सरकार किसानों के साथ हरसम्भव सहयोग के लिए खड़ी है। हाल ही में हुई बरसात व ओलावृष्टि के दौरान खराब हुई फसलों का मुआवजा सरकार विशेष गिरदावरी करवा कर अगले माह तक दे दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को भिवानी जिला के गांव तिगड़ाना व धनाना गांव में जन सवांद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने तिगड़ाना स्थित बाबा परमहंस लटाधारी समाधि स्थल पर माथा टेक कर प्रदेशवासियों के सुखद व स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों से कहा कि जहां खेतों में पानी का नियमित ठहराव है, वे किसान पंरपरागत खेती की

### 8 प्रदेश सरकार किसान हितैषी है और प्राकृतिक आपदा जैसी हर परिस्थिति में सरकार किसानों के साथ हरसम्भव सहयोग के लिए खड़ी है

अपेक्षा मछली पालन व्यवसाय को अपनाएं और आर्थिक रूप से समृद्धि की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि मछली पालन व्यवसाय में झींगा मछली का पालन करने पर प्रति एकड़ करीब 2 लाख रुपये प्रति वर्ष की आय होती है। ऐसे में जलभराव वाले क्षेत्र का सदुपयोग करते हुए आर्थिक रूप से लाभ लिया जा सकता है। भिवानी जिला के दौरे के दौरान तिगड़ाना गांव में खेतों में मौजूद किसानों से बातचीत करने के लिए मुख्यमंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल के साथ उनके खेत में पहुंचे। खेत में बारिश के चलते खराब हुई फसल का उन्होंने जायजा लिया और



किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरी फसल- मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसान अवश्य पंजीकरण कराएं ताकि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर वे अपने नुकसान की जानकारी अपलोड करते हुए विशेष गिरदावरी अनुरूप मुआवजा ले सकें। उन्होंने प्रभावित किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार हर परिस्थिति में किसान के साथ खड़ी है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि खराब हुई फसल से जितना अनाज बच सकेगा, उसको बचाने के लिए भी प्रयास करें। उन्होंने धनाना गांव में स्थित अनाज खरीद के लिए बने सब यार्ड का भी निरीक्षण किया।

**बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियन नीतू घनघस को दिया आशीर्वाद :** मुख्यमंत्री गांव धनाना निवासी बॉक्सिंग वर्ल्ड चैम्पियन नीतू घनघस को उनकी उपलब्धि पर बधाई देने उनके घर पहुंचे।

नीतू को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप खेल के मैदान में प्रदेश को गौरवांवित करें सरकार आपके साथ है। उन्होंने बताया कि खेलों में प्रतिभाओं को तराशने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे हरियाणा के खिलाड़ी विश्व स्तर पर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।

## सैटेलाईट व ड्रोन से की जा रही है बर्बाद फसलों की स्पेशल गिरदावरी: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं व सरसों की जो फसल बर्बाद हुई है, उसके लिए पहली बार ड्रोन व सैटेलाईट की मदद भी स्पेशल गिरदावरी के लिए ली जा रही है। इन तकनीकों की मदद से काम जल्दी होगा तथा अगले दो माह में किसानों को उसके खराबे अनुसार मुआवजा दे दिया जाएगा। यह बात उन्होंने भिवानी में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गांव तिगड़ाना में खेतों में खराब फसल का मुआयना करने के बाद कही। मुख्यमंत्री अपने काफिले के साथ सोमवार को गांव तिगड़ाना में जनसंवाद कार्यक्रम को पूरा करने के बाद धनाना जा रहे थे। इसी दौरान एक विस्तृत क्षेत्र में गेहूं की फसल बरसात व ओलावृष्टि के कारण पूर्णतया बिछी हुई थी तथा फसल में काफी नुकसान था। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने बीच रास्ते काफिले को रूकवाकर खेतों में चले गए तथा किसानों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ कृषि मंत्री जेपी दलाल व बवानीखेड़ा के विधायक विशंबर वाल्मिकी भी थे। मुख्यमंत्री ने गेहूं की ओलावृष्टि व बरसात से बिछी हुई फसल का मुआयना किया तथ किसानों से बातचीत कर उन्हें दो महीने में इस फसल के खराबे का मुआवजा दिलवाए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलावृष्टि के कारण अलग-अलग स्थानों से 25 से लेकर 100 प्रतिशत तक फसलों में खराबा हुआ है। किसानों को उनके खराबे के प्रतिशत के अनुपात में स्पेशल गिरदावरी की प्रक्रिया को पूरा कर मुआवजा दिलवाया जाएगा। गांव तिगड़ाना के किसान दयानंद व तेलू ने बताया कि उनकी खराब फसल को देख मुख्यमंत्री ने उनके खेत का मुआयना किया है। उनकी फसल को काफी नुकसान हुआ है तथा ओलावृष्टि के कारण पूरी फसल बिछ गई है। मुख्यमंत्री ने उन्हे कहा कि वे दो महीने में इसकी गिरदावरी का मुआवजा दिलवा देंगे। किसान अपने क्षेत्र के नंबरदार से मिलकर गिरदावरी के लिए कहें, ताकि उचित मुआवजा मिल सकें।

## वायु सेना के सिपाही की अंत्येष्टि में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**तिगड़ाना** गांव से धनाना गांव आते हुए रास्ते में मुख्यमंत्री तिगड़ाना गांव के स्वर्ग आश्रम में छुट्टी पर आए एयरफोर्स के जवान मुकेश के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मृतक वायु सेना के सिपाही के परिजनों को ढांढस बंधाई। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार को हर सम्भव सहयोग देगी और मृतक के दोनों बच्चों की पढ़ाई में कोई दिक्कत न हो यह भी सम्बंधित अधिकारियों को सुनिश्चित करने को कहा।

## भिवानी के धनाना गांव के विकसित होगा खरीद केंद्र: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/भिवानी**



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भिवानी जिले के धनाना गांव के खरीद केंद्र को दो एकड़ से छह एकड़ में विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री अपने भिवानी जिले के दौरे के दौरान सोमवार को धनाना गांव में ग्रामीणों से जन संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों की योजनाओं को ऑनलाइन कर दिया है। अब नागरिक घर बैठे ही मोबाइल से आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।मुख्यमंत्री ने कहा कि धनाना गांव के 5,582 लोगों के आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इनमें से 122 लोगों ने अब तक आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाया है। धनाना गांव के 1,687 लोगों के नए राशन कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की आयु होते ही अब बुढ़ापा पेंशन अपने आप बन रही है। इस गांव में 11 लोगों की पेंशन ऑटोमेटिक बनी है।

मनोहर लाल ने कहा कि धनाना गांव के 36 परिवारों को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाया गया है। इतना ही नहीं, गांव धनाना के 99 युवाओं को नौकरी मिली है। ये सरकार की पारदर्शी नीति का ही परिणाम है। हमारी सरकार मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-टेंडरिंग के माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता आई है और कार्यों की गति भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने धनाना ग्राम पंचायत के तीनों सरपंचों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मिलकर गांव के विकास के लिए एक सांझी योजना तैयार करें। इसके अलावा, धनाना गांव में बस्ती में गंदे पानी की सप्लाई को 7 दिन में दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की शराब के ठेके को गांव से बाहर करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने ठेके को गांव से बाहर करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की लाल डोरा से संबंधित समस्या पर मुख्यमंत्री ने बताया कि धनाना गांव का 24 मार्च को नक्शा फाइनल कर दिया गया है और जल्द ही गांव को लालडोरा मुक्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, विधायक बिशमभर वाल्मीकि, राई के विधायक मोहन लाल बड़ौली,मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, उपायुक्त नरेश नरवाल, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# खनन अधिकारी पर लगाया जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने बलराम सिंह, तत्कालीन खनन अधिकारी, फरीदाबाद पर मामलों में अत्यधिक देरी करने पर 60,000 रुपये (3 मामलों में 20-20 हजार रुपये) का जुर्माना लगाया है। सेवा का अधिकार आयोग के सचिव ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने पाया कि खान एवं भूविज्ञान विभाग की फरवरी एवं मार्च, 2022 की मासिक प्रदर्शन रिपोर्ट के अनुसार खनिज डीलर लाइसेंस के वितरण के कुछ मामलों में देरी हुई थी, जोकि हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित सेवा है। मामले का संज्ञान लेते हुए आयोग ने तत्काल जांच शुरू की और इन मामलों पर स्थिति रिपोर्ट सांझा करने के लिए निदेशक, खान एवं भूविज्ञान

### 8 मासिक प्रदर्शन रिपोर्ट के अनुसार खनिज डीलर लाइसेंस के वितरण के कुछ मामलों में देरी हुई थी,सहयोग के लिए खड़ी है

विभाग को एक स्वतः संज्ञान नोटिस जारी किया। उन्होंने कहा कि खनिज डीलर लाइसेंस की प्रदायगी अधिसूचित सेवा के तहत होती है, जिसकी प्रदायगी 45 कार्य दिवसों की समय-सीमा के भीतर आवेदक को होनी चाहिए। तथापि, कुछ मामलों में आवेदन एक वर्ष से भी अधिक समय से लंबित पाए गए। उन्होंने आगे कहा कि खनन अधिकारी, फरीदाबाद को कारण बताओ नोटिस भेजे जाने के बावजूद उसके पास ऐसे तीन मामले एक वर्ष से अधिक समय से लंबित पाए गए। जांच के दौरान पाए गए तथ्य बलराम सिंह, जिनके पास फरवरी, 2023 तक खनन अधिकारी फरीदाबाद का प्रभार रहा, की ओर से हुई चूक की ओर इशारा करते हैं। इन आरोपों की पुष्टि खनन और भूविज्ञान विभाग के निदेशक द्वारा भी की गई थी। आयोग के सचिव ने कहा कि जांच के दौरान पाए गए सभी तथ्यों पर विचार करते हुए आयोग ने आरोपी खनन अधिकारी बलराम सिंह पर 60,000 रुपए (3 मामलों में 20-20 हजार रुपये) का जुर्माना लगाने का फैसला किया है। आयोग ने विभाग मुख्यालय द्वारा निभाई जा रही पर्यवेक्षी भूमिका पर भी अपनी गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में, आयोग ऐसी देरी के लिए नामित अधिकारी को दंडित करेगा। आयोग ने यह भी निर्देश दिए कि विभाग को ऐसे मामलों से निपटने के लिए प्रत्येक स्तर पर स्पष्ट एसओपी सुनिश्चित करनी चाहिए।

## सीएम ने किया हरियाणवी गीता का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

पिछले दो दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल भिवानी दौरे के दौरान जहां विभिन्न हलकों के गांव का दौरा कर रहे वहीं आम जन साधारण से मिलकर भी उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे है। सोमवार को अपने प्रातः कालीन सत्र में स्थानीय विश्राम गृह में हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा पंडित लख्मीचंद सम्मान से विभूषित कवि एवं लेखक डॉ. वीएम बेचैन द्वारा हरियाणवी में अनुवादित म्हारी गीता म्हारा ज्ञान पुस्तक का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विमोचन किया। उन्होंने लेखक डॉ. वीएम बेचैन को अपने आशीर्वाद रूपी शुभकामनाएं देते हुए इस हरियाणवी प्रयास की न केवल प्रशंसा की, बल्कि उन्होंने वहां मौजूद तमाम पदाधिकारियों के सामने पुस्तक में से पहले एक संस्कृत का कर्मण्यवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन नमः नामक चर्चित श्लोक पढ़ा फिर उस श्लोक की हरियाणवी पढकर सबको सुनाई।

# हरियाणा में एक-एक इंच जमीन नापकर प्रॉपर्टी को कलमबद्ध किया: डॉ. कमल गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**हरियाणा के शहरी स्थानीय** निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा देश का एकमात्र ऐसा राज्य जिसने अपनी सभी 88 अर्बन लोकल बॉडीज की एक-एक इंच जमीन का अक्षांश और देशांतर नापकर प्रॉपर्टी को कलमबद्ध किया है। अगर किसी नागरिक को इस पर ऑब्जेक्शन है तो हरियाणा सरकार नागरिकों के लिए आगामी 6 अप्रैल से एनडीसी पोर्टल पर आपत्ति दर्ज करवाने का ऑप्शन भी उपलब्ध करवाएगी। वे सोमवार को लघु सचिवालय में जिला नगर निकाय के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य के शहरों की कुल 42.70



लाख प्रॉपर्टी आईडी में से 30 लाख प्रॉपर्टी को इंटीग्रेटिट भी कर दिया है। अब प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पेमेंट एंड नो ड्यूज सर्टिफिकेट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से लोगों से ऑब्जेक्शन मांगे जाएंगे। 6 अप्रैल के बाद संबंधित नागरिक एनडीसी पोर्टल पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि नागरिकों को इस कार्य के लिए किसी अधिकारी के चक्कर न काटने पड़ें बल्कि वह घर बैठे पोर्टल पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। इसी बात के मद्देनजर हरियाणा सरकार यह व्यवस्था करने जा रही है। मंत्री डा. कमल गुप्ता ने बताया कि इसके लिए नागरिकों को इस पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवाना होगा। उसके बाद डिटेल देख सकता है। अगर उसको अपनी प्रॉपर्टी पर कुछ ऑब्जेक्शन है तो वह दर्ज करवा सकता है। इसके बाद संबंधित कागजात अपलोड कराने के बाद सबमिट करते समय परिवार पहचान पत्र की डिटेल भरनी होगी। उन्होंने कहा कि अब सभी लोकल बॉडी पर्याप्त मात्रा में प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त करने में सक्षम होगी। इस वित्त वर्ष में सरकार को उम्मीद है कि इन प्रॉपर्टी से एक हजार करोड़ से अधिक का टैक्स आएगा। इस तरह का कार्य करने वाला देश में हरियाणा पहला राज्य है। यह मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। आने वाली पीढ़ियां हमें इस कार्य के लिए याद रखेंगी।

# आदित्य चौटाला बने मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पूर्व उप प्रधा**नमंत्री देवीलाल के पोते आदित्य चौटाला की हरियाणा सरकार में एंट्री हो गई है। हरियाणा सरकार की ओर से आदित्य चौटाला को मार्केटिंग बोर्ड का चेयरमैन लगाया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पीएस वी उमाशंकर ने आदित्य चौटाला की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। आदित्य चौटाला की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में एंट्री 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से पहले हुई थी। इस दौरान हरियाणा सरकार की ओर से हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक लिमिटेड का चेयरमैन बनाया था। 2014 में आदित्य चौटाला को बीजेपी जॉइन की थी। इसके बाद 2019 में डबवाली से विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी भी बनाया था।

**जेजेपी के खिलाफ रहे हैं आदित्यः** आदित्य चौटाला हमेशा से जेजेपी के हमेशा से ही खिलाफ रहते हैं। 2022 में उन्होंने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला के खिलाफ बयान देकर माहौल गरमा दिया था। उन्होंने जजपा नेताओं के खिलाफ कहा था कि ये लोग जब भिवानी जाते हैं तो वहां कहते हैं कि भिवानी हमारी कर्मभूमि है। जब हिसार आते हैं तो कहते हैं ये हमारी कर्मभूमि है। डबवाली आकर कहते हैं कि ये हमारी जन्म भूमि है। दो-दो मिनट बाद हल्का बदल लेते हैं और तीन मिनट बाद दादा बदल लेते हैं। कभी रामकुमार गौतम को दादा बोलते हैं तो कभी ओम प्रकाश चौटाला को दादा बोलते।

# अहाते में एंट्री के लिए खुद को बताया पीएमओ का अधिकारी

टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम

अपने आपको प्रधानमंत्री कार्यालय में नियुक्त अधिकारी का रिश्तेदार बताकर शराब के अहाता में एंट्री कराने का थाना प्रबंधक पर दबाव बनाना युवक को महंगा पड़ गया। थाना प्रबंधक पर दबाव बनाने के साथ उसने अभद्र टिप्पणी व धमकी भी दी थी। अब उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार एक-दो अप्रैल 2023 की रात को करीब 2 बजे सेक्टर-65 थाना निरीक्षक सुधीर कुमार को उनके सरकारी नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें बताया कि वह प्रधानमंत्री कार्यालय के एक उच्च अधिकारी का रिश्तेदार बोल रहा है। उसकी शराब के अहाते में एंट्री कराई जाए। जब निरीक्षक सुधीर कुमार ने अपनी ड्यूटी व कार्यक्षेत्र के बारे में उसे जानकारी दी और अहाते में एंट्री कराने से मना कर दिया। इस पर कॉल करने वाले व्यक्ति ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने की धमकी देकर निरीक्षक पर दबाव बनाया गया। आरोप है कि वह अभद्रता से भी पेश आया। उसने एसएचओ को अंजाम भुगतने की भी धमकी दी। इस विषय में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सेक्टर-65 पुलिस थाना में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। सोमवार को निरीक्षक सुधीर कुमार व उनकी टीम ने फर्जी तरीके से पीएमओ के अधिकारी का रिश्तेदार बताने वाले व्यक्ति को सेक्टर-58 से काबू कर लिया। उसकी पहचान सत्यप्रकाश आर्य उर्फ सिद्धार्थ (30) के रूप में हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह सेक्टर-18 में एक प्राइवेट कंपनी में टेलीकॉलर की नौकरी करता है।

# पूर्व पार्षद की पत्नी हारी बिजली चोरी का मुकदमा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

पूर्व पार्षद भीम सिंह की पत्नी मीना देवी बिजली विभाग के खिलाफ वर्ष 2017 में दाखिल किया गया केस हार गई हैं। मीना देवी ने अदालत में केस दायर करते हुए कहा था कि एक बिजली कनेक्शन उनके निवास पर लगा हुआ था। 21 जुलाई 2016 को बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने उनके घर पर बिजली चोरी संबंधी छापा उनके निवास पर मारा था। छापे के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों को सीधे लाइन से सप्लाई मिली। बिजली मीटर में भी खामी मिली एवं जब बिजली के लोड की जांच की गई तो वह भी कथित सेंक्शन लोड से अधिक मिला। जिस पर विभाग ने तुरंत अपनी कार्यवाही करते हुए मीना देवी के निवास की बिजली काट दी। बिजली विभाग ने उन्हें 3,72,251 रुपये का भुगतान करने को कहा। जिस पर वादी पक्ष द्वारा अंडर प्रोटेस्ट उपरोक्त राशि जमा करा कर बिजली सप्लाई चालू कराई गई।

# नारनौल की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नहीं मिल रही सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**हरियाणा** के नारनौल में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नसीबपुर के निवासियों ने सड़कों और स्ट्रीट लाइट की बदहाली को दुरुस्त करवाने के लिए डीसी के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें उन्होंने सड़कों पर स्ट्रीट लाइट को ठीक करवाने की मांग की है। कॉलोनी के गिरीश खेड़ा और ज्योति सैनी की अगुआई में यह ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में डीसी को बताया गया है कि साल भर से ऊपर हो गया और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जितनी भी स्ट्रीट लाइट हैं, उन पर कोई भी काम



नहीं हो रहा। कई जगह पर ऐसे गड्ढे हैं, जहां अंधेरा होने की वजह से लोग उसमें गिर जाते हैं। इस समस्या के लिए हाउसिंग बोर्ड निवासियों ने पार्षद से लेकर बिजली विभाग व राज्यमंत्री ओम प्रकाश यादव को भी गुहार लगाई कि इन लाइटों को दुरुस्त करवाया जाए, परंतु किसी ने भी कॉलोनी के निवासियों की समस्या पर किसी भी प्रकार का ना ही ध्यान दिया और ना ही कोई काम करवाया। सारी कॉलोनी के निवासी इस समस्या से इस कदर परेशान है कि महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे रात के अंधेरे में इन सड़कों पर निकलने से असहज महसूस करते हैं।

ज्योति सैनी ने कहा कि शासन और प्रशासन हाउसिंग बोर्ड पर जरा सा भी तवज्जो नहीं दे रहा। यहां सिर्फ स्ट्रीट लाइट की ही बदहाली नहीं है, बल्कि पूरे हाउसिंग बोर्ड में पानी मात्र आधे घंटे के लिए आता है वह भी एक दिन छोड़कर। सीवर की व्यवस्था इतनी बुरी है कि नगर पालिका प्रशासन इस समस्या के लिए कभी आगे नहीं आता चाहे कितनी गुहार लगा दो। कॉलोनी के निवासी मजबूर होकर अपने ही पैसों से सीवर की बदहाली को सुधरवाते हैं। गिरीश खेड़ा ने कहा कि सारी कॉलोनी सफाई के नाम पर और बिजली के रखरखाव के नाम पर टैक्स देती है। उस टैक्स के बदले यहां के निवासियों को कुछ नहीं मिल रहा।



# नगर निगम क्षेत्र से जल्द हटाएं अवैध विज्ञापन

## लगेगा जुर्माना, विज्ञापन प्रदर्शन के लिए नगर निगम की शहर में 87 लोकेशन चिन्हित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर** निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शहर में अनाधिकृत रूप से प्रदर्शित किए गए विज्ञापनों को हटाने के लिए चालू सप्ताह का समय देकर चेतावनी दी है कि सम्बंधित संस्थान विशेषकर एन.एच. पर स्थित होटल/ढाबे व दुकानदार, भिन्न-भिन्न जगहों पर लगाए गए अवैध विज्ञापनों को स्वयं हटा लें, अन्यथा नगर निगम इन्हें हटाने की कार्रवाई अमल में लाएगा और सम्बंधित संस्थान या दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा।
विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए सरकार ने बनाई है पॉलिसी- निगमायुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए सरकार की ओर से, द हरियाणा म्यूनिसिपल एडवरटाईजमेंट बायलॉज 2022 पॉलिसी बनाई गई है। इच्छुक पार्टी या संस्थान को इसके लिए ह्वद्यड्ढ.श्चह्लशद्धद्गष्ह्ल२४७.द्बठ्ठ पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन करना होगा। इसके बाद निगम कार्यालय की ओर से एक तिथि तय की जाएगी, उस दिन आवेदक को ई-ऑक्शन के जरिए विज्ञापन साईट दी जाएगी। ज्यादा बोली देने वाले को ही उसकी पसंद की लोकेशन पर विज्ञापन लगाने की अनुमति मिलेगी।
निगमायुक्त ने बताया कि शहर में विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए इच्छुक पार्टी अपनी पसंद की साईट आवेदन पर डाल सकता है। ठेका एक साल के लिए ही रहेगा और सम्बंधित पार्टी को तिमाही फीस भरनी होगी।



विज्ञापन के लिए 87 साईट चिन्हित- उन्होंने बताया कि नगर निगम ने विज्ञापन प्रदर्शन के लिए शहर की भिन्न-भिन्न 87 यूनिपोल साईट चिन्हित कर दी हैं। इच्छुक पार्टी विज्ञापन साईट लेने के लिए आवेदन कर सकती है, इसके लिए ह्वद्यड्ढ.श्चह्लशद्धद्गष्ह्ल२४७.द्बठ्ठ साईट खुली है। ऑक्शन में जो भी बोलीदाता या विज्ञापनदाता ज्यादा शुल्क देगा, उसी को साईट मिलेगी। इस काम को देखने के लिए नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति को नोडल अधिकारी बनाया गया है।
बिना अनुमति विज्ञापन प्रदर्शित करने वालों पर लगेगा 3 गुणा जुमार्ना- उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से विज्ञापन पॉलिसी बनाने के बाद किसी भी निजी व्यक्ति को अपना विज्ञापन शहर में किसी जगह पर बिना नगर निगम की अनुमति के प्रदर्शित करने की मनाही है। यदि कोई ऐसा करेगा, तो उसके विज्ञापन उतार देने के साथ-साथ सम्बंधित व्यक्ति पर म्यूनिसिपल एक्ट में दिए गए प्रावधान के अनुसार 3 गुणा जुमार्ना भी लगाया जाएगा।
निगम की टीम अवैध विज्ञापनों का कर रही सर्वे- नगर निगम की संयुक्त आयुक्त एवं विज्ञापन पॉलिसी की नोडल अधिकारी अदिति ने जानकारी देते बताया कि निगम की टीम द्वारा शहर में लगे अवैध विज्ञापनों का सर्वे किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि एन.एच.-44 पर लगे अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापनों का सर्वे किया जा चुका है, जबकि शेष शहर में सर्वे का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध विज्ञापनों को हटाने व सरकार की ओर से जारी पॉलिसी के तहत आवेदन करने के लिए सम्बंधित को जल्द ही नोटिस सर्व कर दिए जाएंगे।

## गांव उचाना में मनाया गया पोषण पखवाडा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महिला एवं** बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के दौरान सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की ड्रामा पार्टी ने गांव उचाना में पौष्टिक आहार के बारे में नाटक एवं लोक गीतों के माध्यम से जागरूक किया। इसमें सीडीपीओ संतोष सुहाग और सुपरवाईजर नेहा के सहयोग किया। इस दौरान काफी महिलाओं ने हिस्सा लिया। स्टेज मास्टर हिसम सिंह और कलाकार सुमेर पाल, संदीप सैनी, गुलाब सिंह, आजाद सिंह ने उपस्थित महिलाओं को हरियाणा व केन्द्र सरकार की योजनाओं जैसे विवाह शगुन योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, पोषण अभियान, आपकी बेटी-हमारी बेटी, सुकन्या योजना, मोटा अनाज के प्रयोग इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलाकारों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान हरी पत्तेदार सब्जियां तथा विटामिन युक्त भोजन ग्रहण करने के लिए जागरूक किया तथा हर महीने की 9 तारीख को स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।
सीडीपीओ संतोष सुहाग ने बताया कि विभाग के निदेर्शानुसार जिले के सभी ब्लॉकों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2023 का थीम सभी के लिए पोषण-एक साथ, स्वस्थ भारत की ओर है। सरकार द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज के रूप में घोषित किया गया है। इस वर्ष



पोषण पखवाड़ा का केंद्र बिन्दु कुपोषण को दूर करने के लिए एक मूल्यवान सम्पत्ति के रूप में श्रीअन्न को लोकप्रिय बनाने पर होगा, जिसे सभी अनाजों की जननी कहा जाता है।
महिला सुपरवाईजर नेहा ने बताया कि सरकार द्वारा पोषण पखवाड़ा के तहत मोटे अनाज आधारित खाद्य पदार्थों को पूरक पोषण से जोड ?, घर-घर तक पहुंचने, आहार परामर्श शिविर के आयोजन के माध्यम से पोषण कल्याण के लिए मोटे अनाज को बढ़ावा देना एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने भिन्न-भिन्न प्रकार की रैसेपी बनाई तथा रागी, मल्टीग्रेन आटे की रोटी, अंकुरित दाल, चना दाल, खीचडी, उपमा भी बनाया गया। इन महिलाओं में सुनीता, वीनारानी, सरोज, रेखा, राजरानी, गीता तथा वर्कर व हैल्पर मौजूद रही।

## योग से एकाग्रता, आत्मविश्वास और संतुलन बढ़ता है : दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी ने मिशन द्वारा चलाई जा रही कक्षा में से एलआईसी योग कक्षा में प्रातः काल का योगाभ्यास करवाया। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सूक्ष्म क्रियाओं, आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया और कहा कि हेल्दी और फिट रहने के लिए योग को अपनाना चाहिए।



कक्षा में मौजूद बच्चों को योगाभ्यास करवाते हुए उन्होंने कहा कि योग से एकाग्रता, आत्मविश्वास और संतुलन बढ़ता है। सभी तरह का तनाव, थकावट दूर होती है। स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है और पढ़ाई में मन लगता है। आसनों के अभ्यास के दौरान बताया कि योगासन हमारे शरीर की प्रकृति को बनाए रखते हैं। यह हमारे शरीर को स्वच्छ, शुद्ध व सक्रिय रखकर विषय को शारीरिक व मानसिक रूप से सदा स्वस्थ बनाए रखते हैं। दिनेश गुलाटी ने कहा कि बॉडी स्ट्रैचिंग के लिए आसन बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे हाथ, पैर, रीढ़ की हड्डी, सीना आदि मजबूत होते हैं। यह नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाता है। यदि हम प्रतिदिन एक घंटा योग करें तो जीवनभर स्वस्थ रह सकते हैं। इससे हृदय रोग व शुगर जैसी बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। कक्षा में योग शिक्षिका राधिका

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**खंड** कुंजपुरा में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने ग्राम पंचायत शेरगढ़ टापू, नांगल और घीड में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गौरव कुमार ने शेरगढ़ टापू गांव में ग्रे-वॉटर मैनेजमेंट के तहत तालाब कार्य, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत निर्मित सामुदायिक शौचालय तथा घीड गांव में निर्मित सामुदायिक संस्था परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत नांगल में लाभार्थी के घरों का भी निरीक्षण किया जिनमें व्यक्तिगत शौचालय बने हुए हैं। विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।
इस अवसर पर राजकुमार संधू डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण खंड समन्वयक पूर्ण चंद सैनी, उप मंडल अधिकारी पंचायती राज हुकम चंद सैनी और हर बख्शीश सिंह कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।



# खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रर्दशन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बीते दिनों** हुई भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन से जुड़े सभी संगठनों ने आज सडकों पर उतर कर प्रर्दशन किया। किसानों ने जिला सचिवालय पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा।
भारतीय किसान यूनियन चढूनी ग्रुप के जिला प्रधान अजय राणा ने बताया कि प्रदेश में जोरदार बरसात व ओलावृष्टि हुई है, जिसकी वजह से 50 फीसदी से ज्यादा फसलों को नुकसान पहुंचा है। ऐसे में सरकार को जल्द से गिरदावरी कर खराब फसल का किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। किसान नेता सेवा सिंह आर्य ने सरकार को चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि सरकार ने जल्द गिरदावरी व उचित मुआवजे में देरी की तो वह एक बड़ा आंदोलन करेंगे। इसलिए प्रशासन जल्द से जल्द खराब फसल की गिरदावरी कर किसानों को फसल के नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों ने कहा कि अधिकारियों द्वारा किसानों के खेतों में मौके पर जाकर स्पेशल गिरदावरी करवाकर जल्द से जल्द किसानों के लिए मुआवजे का ऐलान सरकार द्वारा किया जाए और क्षतिपूर्ति पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की अनिवार्यता हरियाणा में खत्म की जाए।



समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

## ट्राले ने बुजुर्ग को कुचला, मौके पर हुई मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के गांव कालरम में एक बुजुर्ग को ट्राला चालक ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्राला चालक फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिया।
मृतक की पहचान नेपाल के रहने वाले धर्मबीर 60 वर्ष के रूप में हुई है। वह पिछले 30 सालों से गांव कालरम में रह रहा था और लोकेश नाम के व्यक्ति के पास काम करता था। सोमवार दोपहर को धर्मबीर को लोकेश बाइक पर खेत में लेकर जा रहा था। उनके आगे एक टेंपो चल रहा था, जबकि पीछे ट्राला था। टेंपो चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिसकी वजह से लोकेश की बाइक की टेंपो से टक्कर हो गई।
इसी दौरान पीछे बैठा धर्मबीर सडक पर जा गिरा। पीछे से आ रहे ट्राले ने धर्मबीर को कुचल दिया। इस हादसे के बाद चालक ट्राला मौके पर छोडकर फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए घरौंडा के अस्पताल लेकर जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मधुबन थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके से दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### ऑनलाइन कार खरीदने के झांसे में एक महिला के साथ हुई 88 हजार की धोखाधड़ी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**ऑनलाइन** कार खरीदना एक विधवा महिला को महंगा पड़ गया। उनके साथ 87 हजार 902 रुपए लेकर भी कार नहीं दी है। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। वजीरचंद कॉलोनी वासी रानी देवी ने शिकायत दी कि आरोपी सुनील दत्त ने ऑनलाइन कार खरीदने के बारे में डाला हुआ था। वह इंडियन आर्मी में कार्यरत होने का बता रहा था। इस तरह विश्वास करके उसके लडके कृतिश ने आरोपी के मोबाइल पर कार खरीदने के बारे में फोन किया।


## कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**कल्पना** चावला मेडिकल कॉलेज में बीती रात इलाज के लिए आए एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने समझाने की कोशिश की। बाद में शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में भिजवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सिमरवाल निवासी दिनेश 30 वर्षीय को रविवार सुबह करीब 11 बजे पेशाब न आने के चलते भर्ती करवाया गया था। रात को उसे उल्टी और दस्त लगे थे।
परिजनों का आरोप है कि सुबह से रात तक कोई भी डॉक्टर उसके भाई को देखने के लिए नहीं आया। हम बार बार वार्ड में मौजूद नर्स से गुहार लगाते रहे, लेकिन उसके भाई को किसी ने इलाज नहीं दिया। जब उसे एडमिट करवाया तो उसे एक गोली और ग्लूकोज लगाकर चौथी मंजिल पर वार्ड में एडमिट कर दिया, लेकिन उसका पेशाब नहीं आया, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चल गई और रात दिनेश की मौत हो गई।
मृतक दिनेश की बहन ने आरोप लगाया कि जब दिनेश की हालत बिगड़ती जा रही थी तो उन्होंने नर्स से कहा कि उसे पेशाब की नाली लगा दो, लेकिन उनकी किसी ने सुनाई नहीं की। बार बार नर्स यह बोलती रही कि डॉक्टर रात को 10 बजे आएगा, 2 बजे आएगा। उसके बाद डॉक्टर ही उनका इलाज कर पाएंगे। बाद में नर्स ने कहा कि अगर यहां पर उसको इलाज नहीं मिल रहा तो आप किसी और अस्पताल में लेकर जाओ और वहां पर इलाज करवा लो। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर जगदीश दुरेजा ने बताया कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। अगर डॉक्टर की लापरवाही के कारण किसी की मौत हुई है तो वह मामले की जांच कराई जाएगी।

# निष्काम सेवा का अनुपम उदाहरण साबित होगा मल्टी स्पेशिलिटी अस्पतालः सुभाष

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री** रोड़ स्थित श्री आत्म मनोहर जैन अराध्य मन्दिर समिति द्वारा बनाया गया मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल न केवल करनाल के लिए बल्कि आस-पास के कई जिलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। यह कथन स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र का है। अस्पताल का दौरा करने पहुंचे सुभाष चन्द्र ने कहा कि इस



अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों व उपकरणों से उपचार व चेकअप की सुविधा है। उन्होंने कहा कि यह निष्काम सेवा का अनुपम उदाहरण साबित होगा, क्योंकि इसका उद्घाटन राष्ट्रीय शख्सियत मोहन भागवत द्वारा व संचालन भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि महाराज द्वारा किया जा रहा है। एक ही भवन में अनेक प्रकार के विशेषज्ञों द्वारा सुविधा केवल सामान्य से खर्चे पर देना निश्चित ही अनूठी पहल है। भगवान महाबीर जी के 2622वें अवतरण दिवस अराधना मन्दिर में पहुंचे सुभाष चन्द्र ने कहा कि भगवान महाबीर जी का जीवन त्याग, अहिंसा, सत्य व अपरिग्रह से परिपूर्ण रहा। उन्होंने समस्त समाज को अपने प्रेरणाओं से लाभान्वित किया।
पीयूष मुनि जी ने बताया कि अस्पताल में ऐसे सभी लोग जो असहाय, गरीब व जरूरतमंद हैं, उनका इलाज यदि जरूरत पड़ी तो निःशुल्क अन्यथा कम से कम खर्चे के साथ किया जाएगा।

### दो बाल अपराधियों पर मोबाइल का उपयोग करने के मामले में केस दर्ज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मधुबन** स्थित प्लेस ऑफ सेफ्टी में रहने वाले दो बाल अपराधियों से एक मोबाइल मिलने पर केस दर्ज किया है। एक मोबाइल को दोनों आरोपी उपयोग करते थे। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इस तरह आरोपी बंद होने के बाद भी बाहर के नेटवर्क के जरिए अपराध कर सकते हैं।
प्लेस ऑफ सेफ्टी के अधीक्षक संदीप सिंह ने शिकायत दी है कि उन्हें सूचना के आधार पर रात 10 बजे प्लेस ऑफ सेफ्टी की बैरक-2 का औचक निरीक्षण किया गया।

# गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान में बढ़-चढकर लें भाग : डा. राजबीर आर्य

## घर-घर जाकर लोगो को पत्रक बांटकर सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक चलने वाले गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान में बढ़-चढकर भाग लें एवं घर-घर जाकर लोगो को पत्रक बांटकर सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें।
ये शब्द जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रभारी एवम् प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. राजबीर आर्य ने स्थानीय विश्रामगृह में आयोजित मोर्चा की जिला कार्यकारणी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाएं। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में बड़ी संख्या में मंत्री शामिल कर इस वर्ग को सम्मान दिया। प्रधानमन्त्री ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर बहुत बड़ा काम इस वर्ग के हित में किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचायती राज संस्थाओं में इस वर्ग को आठ प्रतिशत आरक्षण देकर समाज में एक नई राजनैतिक चेतना पैदा की।



मोर्चा के जिलाध्यक्ष नंद लाल पांचाल ने कहा कि जब सरकार हमारे हितों बारे इतनी चिंतित है तो हम भी सरकार की नीतियों व कामों को जनता तक लेकर जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये अभियान पूर्णतय सफल रहेगा।
बैठक का संचालन महामंत्री एडवोकेट राजेश सैनी ने किया। इस अवसर पर महामंत्री केम पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष महम सिंह, कुलदीप पांचाल, पाला राम कश्यप, मनोज भल्ला, विमल चौहान, महेंद्र चौहान, पिंटू नायक, शिव कुमार जोगी, रणवीर पांचाल, शमशेर कश्यप, जसविंदर, राजेंद्र कश्यप, रवि गुज्जर, राजकुमारी बबली कांबोज, रणधीर सिंह, सचिन प्रजापत, विद्या सागर, श्याम सिंह चौहान, सुरेश जांगड़ा, नरेश सैनी, रमेश चंद्र पाल, राजेश पाल, बलवंत सिंह, राम मेहर पाल आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## बूढ़े बांध, बड़ी चिंता

**यूनाइटेड** नेशंस यूनिवर्सिटी ने 2021 में अपनी रिपोर्ट में दुनिया को बड़े बांधों के खतरों के संदर्भ में आगाह किया था। इसमें चेतावनी दी गई थी कि अगले 29 वर्षों में दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी ऐसे बड़े बांधों के साये में होगी जो या तो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं या पूरी करने वाले हैं। इस हालात से भारत की संसद भी अवगत है। देश के पुराने बांधों की सुरक्षा पर गठित एक संसदीय समिति ने पिछले महीने चिंता जताई है। उसने अपनी रिपोर्ट 20 मार्च को संसद को सौंपी है। समिति ने अपनी रिपोर्ट देश के 100 साल से अधिक पुराने बांधों पर चिंता जताते हुए इन्हें बंद करने की सलाह दी है। समिति ने कहा है कि भारत में 100 साल से अधिक पुराने 234 बड़े बांध हैं। इनमें से कुछ तो 300 साल से भी ज्यादा पुराने हैं। देश में इस समय 5,334 बड़े बांध हैं। 411 अन्य बड़े बांध निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। महाराष्ट्र 2,394 बांधों के साथ पहले स्थान पर है,। मध्य प्रदेश और गुजरात बांधों की संख्या के लिहाज से दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। इसके बाद जल शक्ति मंत्रालय की तंद्रा भंग हुई है। उसने सिफारिश की है कि बांधों के जीवन और संचालन का आकलन करने और एक व्यवहार्य तंत्र को विकसित किया जाए। मंत्रालय का कहना है कि राज्यों को भी उन बांधों को बंद करने के लिए राजी किया जाए, जो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। वर्ल्ड रजिस्टर ऑफ लार्ज डैम्स का कहना है कि दुनिया में 58,713 बड़े बांध हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चीन में 23841 बड़े बांध हैं। इसके बाद अमेरिका 9,263 का नंबर आता है। करीब 93 फीसदी बड़े बांध केवल 25 देशों में स्थित हैं। ऐसे देशों में भारत भी एक है। दुनिया में बड़े बांधों का निर्माण पिछले 100 से भी ज्यादा वर्षों से किया जा रहा है। पारम्परिक रूप से इनका मकसद नदी जल को नियंत्रित करना था। मगर तेजी से बढ़ते समय चक्र के साथ अब इन्हें जल प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी और जलापूर्ति के लिए बनाया जाता है। इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम्स बड़े बांधों को परिभाषित भी करता है। इस कमीशन केअनुसार 15 मीटर या उससे ऊपर की ऊंचाई और 30 लाख क्यूबिक मीटर से ज्यादा पानी को संजोने वाले बांधों को बड़े की श्रेणी में रखा जा सकता है। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक अमेरिका में छोटे-बड़े सभी 90,580 बांधों की औसत उम्र 56 वर्ष है। इनमें से करीब 85 फीसदी अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। चीन में करीब 30000 बांध उम्रदराज हो चुके हैं। भारत में 1,115 बड़े बांध 2025 तक 50 वर्ष या उससे ज्यादा पुराने हो जाएंगे। 2050 तक भारत के करीब 4,250 बड़े बांध 50 वर्ष की उम्र पार कर जाएंगे। 64 बड़े बांध 150 वर्ष या उससे ज्यादा पुराने होंगे। भारत में केरल के इडुक्की जिले का मुल्लापेरियार बांध 125 साल से ज्यादा का हो चुका है। इसे 1895 में अंग्रेजों ने बनाया था। यह बड़ा सच है कि पहाड़ी राज्यों में प्राकृतिक आपदा के समय बड़े बांधों के टूटने और उससे जानमाल की भारी क्षति होने की आशंका बरकरार रहती है। मगर कुछ लोग इसके विपरीत भी सोचते हैं। मसलन साल 2013 में उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने कहा था कि यदि टिहरी बांध न होता तो ऋषिकेश, हरिद्वार और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जलप्लावित हो गए होते। तब केंद्रीय विश्वविद्यालय गढ़वाल के आपदा प्रबंधन शोध अधिकारी डॉ. एसपी सती ने कहा था कि यह अर्द्धसत्य है।

# राइट टू हेल्थ बिल पर हंगामा है क्यों बरपा ?

**सुनील कुमार महला**

> “रोगी को सरकारी अस्पताल भेजने से पहले, कई आपात स्थितियों में रोगी को सार्वजनिक सुविधा में भेजने से पहले उसे स्थिर करने में उच्च लागत नहीं लगती। उदाहरण के लिए, दौरों के ज्यादातर रोगियों को गंभीर मामलों में भी सस्ती देखभाल की ही जरूरत होती है। तीसरी, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना नामक राज्य सरकार की एक योजना पहले से ही मौजूद है जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के राज्य संस्करण चिरंजीवी योजना के साथ जुड़ी हुई है। यह योजना सभी दुर्घटना पीड़ितों को मुफ्त आपातकालीन देखभाल की सुविधा देती है, भले ही उनकी बीमा स्थिति कुछ भी हो। सरकार को इसका दायरा बढ़ाकर सभी तरह की आपात देखभाल को इसमें शामिल करना चाहिए। लागत का कुछ हिस्सा उन अस्पतालों द्वारा वहन किया जा सकता है”

**स्वास्थ्य** सेवाओं को लेकर इन दिनों राजस्थान उबाल पर है। यह देश की पहली ऐसी राज्य सरकार है, जिसने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत लाया राइट टू हेल्थ बिल 2022 बीती 21 मार्च को पारित किया है। विधेयक के प्रावधानों से असंतुष्ट लगभग 2,500 निजी अस्पतालों के डॉक्टर सड़कों पर हैं। इस वजह से राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से लड़खड़ा गई हैं। वहीं यह विधेयक उन मरीजों के लिए बहुत ही लाभकारी बताया जा रहा है, जो निजी अस्पतालों का भारी-भरकम खर्च नहीं उठा सकते। इसे राजस्थान विधानसभा के पटल पर सितंबर 2022 में ही रखा गया था, लेकिन विपक्ष और डॉक्टरों की मांग पर इसमें कुछ संशोधन किए गए। इमरजेंसी की विशेष व्याख्या करते हुए इसमें दुर्घटना, पशुओं और सांप के काटने और प्रसव की जटिलताओं को भी शामिल किया गया। हालाँकि अब स्वास्थ्य सुविधाओं को मूलभूत अधिकार बनाने के ऐतिहासिक कानून का निजी अस्पताल और डॉक्टर अनुचित और असंगत तरीके से विरोध कर रहे हैं जबकि उन्हें प्रसन्न होना चाहिए था कि आखिरकार लोगों को ऐसा अधिकार मिला जिसे आजादी के 75 साल बाद भी नहीं दिया जा रहा था।राजस्थान में डॉक्टरों की तरफ से यह विरोध तब चरम पर पहुंच गया जब विधानसभा में इस किस्म का विधेयक आया और शुरूआती बाधाओं के बावजूद उसे पारित कराने का प्रयास किया जा रहा था। इस विधेयक को पिछले सत्र में ही पारित होना था लेकिन इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया। अब विधानसभा के हाल के सत्र में 21 मार्च को राइट टु हेल्थ यानी स्वास्थ्य का अधिकार बिल पारित किया गया है। निजी अस्पतालों और डॉक्टरों का जोरदार और परेशान करने वाला विरोध इस विधेयक के समर्थन में मजबूत सिविल सोसाइटी आंदोलन के खिलाफ है जो अधिकार के तौर पर राजस्थान के सभी लोगों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी किस्म की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग कर रहा है। यह विधेयक ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) और यूरोप में अन्य विकसित देशों-जैसे मॉडलों के आधार पर बनाया गया है। 1945 से 1951 तक इंग्लैंड में स्वास्थ्य मंत्री रहे एनएचएस के योजनाकार ने काफी पहले कहा था कि ह्यबीमार होना न तो ऐसा भोग-विलास है जिसके लिए लोगों को पैसे देने पड़ें, न ऐसा अपराध है



जिसके लिए उन्हें दंडित किया जाए बल्कि ऐसी विपत्ति है जिसकी भरपाई पूरे समुदाय को मिल-जुलकर करनी चाहिए। सीआईआई द्वारा आयोजित एशियाई स्वास्थ्य सम्मेलन में प्रस्तुत आंकड़े के अनुसार, भारत में कम-से-कम 5 से 6 करोड़ लोग स्वास्थ्य खर्चों की वजह से गरीबी में डूब जाते हैं। पिछले साल जारी नवीनतम राष्ट्रीय स्वास्थ्य रिपोर्ट में बताया गया कि पूरे भारत में 2018-19 में स्वास्थ्य पर औकात से बाहर खर्च 2.88 लाख करोड़ था जो वर्तमान स्वास्थ्य खर्च का 53.23 प्रतिशत था, मतलब परिवारों ने वस्तुतः सरकार से अधिक खर्च किया। राजस्थान इन सबको खत्म करने की दिशा में काम करने वाला पहला राज्य होगा जो पूरे देश में इसी तरह की सुविधा देने की सही मांग को दिशा देगा। लेकिन डॉक्टरों के प्रदेश संघ, खास तौर से वे जो निजी डॉक्टरों और निजी अस्पतालों का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने इसका जी जान से विरोध किया है। उन लोगों ने यहां तक धमकी दी है कि अगर विधेयक को वापस नहीं लिया गया, तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे। इन लोगों ने तीन महत्वपूर्ण मांगें की हैं जिनमें से कोई भी रोगियों के लिहाज से विधेयक को बेहतर नहीं बनाता। विधेयक में एक खास प्रावधान हैः किसी भी आपातकालीन स्थिति में सरकारी या निजी अस्पताल में सभी निवासियों को बिना नगद और निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सुनिश्चित करते हुए इसमें हजारों जानों को बचाने की संभावना है कि ऐसी हालत में किसी बीमार का निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर समय पर इलाज किया जा सकेगा- भले ही उसकी भुगतान करने की क्षमता हो या नहीं। इसलिए, यह बात ज्यादा चक्कर में डालने वाली है कि आखिर, डॉक्टर ऐसे प्रावधान के खिलाफ क्यों हैं जो जीवन बचाने वाले हैं। निजी स्वास्थ्य प्रदाताओं में आशंका है कि आपातकालीन देखभाल की लागत के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता और यह बहुत अधिक भी हो सकती है। हकीकत यह है कि कई मायनों में इस डर को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। पहली बात यह है कि कुछ ही आपात मामले निजी अस्पताल में जाते हैं। दूसरी अहम बात यह है कि सभी आपात मामलों में ज्यादा खर्च हो, जरूरी नहीं। रोगी को सरकारी अस्पताल भेजने से पहले, कई आपात स्थितियों में रोगी को सार्वजनिक सुविधा में भेजने से पहले उसे स्थिर करने में उच्च लागत नहीं लगती। उदाहरण के लिए, दौरों के ज्यादातर रोगियों को गंभीर मामलों में भी सस्ती देखभाल की ही जरूरत होती है। तीसरी, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना नामक राज्य सरकार की एक योजना पहले से ही मौजूद है जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के राज्य संस्करण चिरंजीवी योजना के साथ जुड़ी हुई है। यह योजना सभी दुर्घटना पीड़ितों को मुफ्त आपातकालीन देखभाल की सुविधा देती है, भले ही उनकी बीमा स्थिति कुछ भी हो। सरकार को इसका दायरा बढ़ाकर सभी तरह की आपात देखभाल को इसमें शामिल करना चाहिए। लागत का कुछ हिस्सा उन अस्पतालों द्वारा वहन किया जा सकता है जिन्होंने भूमि सब्सिडी के रूप में सरकार से लाभ ले रखा है और जहां चिरंजीवी योजना आदि के माध्यम से रोगी पहुंच रहे हों। दूसरी मांग जिला और राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरणों में डॉक्टरों के संघ के प्रतिनिधित्व की है। यह उचित मांग है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की जरूरत है ताकि न केवल डॉक्टरों बल्कि नर्सों, एएनएम और आशा को भी इसमें शामिल किया जा सके जो गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की बड़ी जिम्मेदारी निभाते हैं। साथ ही, जैसा कि सिविल सोसाइटी समूहों ने मांग की है, प्रतिनिधित्व में सिविल सोसाइटी समूहों, रोगियों के समूहों और नागरिकों के समूहों को शामिल किया जाना चाहिए। तीसरी महत्वपूर्ण मांग उस प्रावधान को हटाने से जुड़ी है जो अधिनियम के तहत स्थापित शिकायत निवारण तंत्र के समक्ष लंबित किसी भी मामले में सिविल अदालतों में अपील करने पर रोक लगाता है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी मामले में ऐसा प्रतिबंध कानूनन गलत और न्याय के अधिकार के खिलाफ है। सरकार को इसे हटाना चाहिए। राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम एक सही कानून है और यह सरकारी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और समान स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में सुधार के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करेगा और आने वाले समय में दूसरे राज्य भी उसका अनुसरण करेंगे। पहले से मौजूद योजनाएं भी इस पर असमंजस की स्थिति बना रही हैं। राज्य सरकार ने इसी साल के बजट में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा को बढ़ाकर 25 लाख कर दिया। इस योजना में सरकार ने 1 अप्रैल 2022 से 31 दिसंबर 2022 के बीच 1,940 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। दूसरी योजना सरकारी कर्मचारियों, मंत्रियों, पूर्व और वर्तमान विधायकों के लिए है। तीसरी 'निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना' में सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा, सभी ओपीडी-आईपीडी और रजिस्ट्रेशन की सुविधा है। इसमें मार्च 2022 से दिसंबर 2022 तक 1,072 करोड़ रुपये खर्च हुए। चौथी, निशुल्क टेस्ट योजना में मेडिकल कॉलेजों से संबंधित सरकारी अस्पतालों में 90 टेस्ट मुफ्त में कराने की सुविधा है। हालाँकि अधिकांश डॉक्टरों का कहना है कि कानून ने उन्हें मरीजों को मुफ्त में सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि, कानून में जिन मुफ्त सेवाओं की बात की गई है, वे ज्यादातर सरकारी संस्थानों के लिए हैं।

# कविता

## आशाओं के दीप जलाए रखना

जिंदगानी के दीप जलाए रखना, संकट से
अपने को बचाए रखना।

समय विपरीत है आतताई है काल,
मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखना'

संगी छूटे, साथी छूटे,छूटे रिश्तेदार।
इस समय मनोबल बनाये रखना।

ना हो निराश,ना छूटे आत्मबल इस घड़ी में,
सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।

अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।
परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।

आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय
शक्ति।
बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए
रखना।

जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये
रखना।

रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना।

संजीव

## राजस्थान में कब बनेगा जाट मुख्यमंत्री

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** के जयपुर में पिछले दिनों जाट महाकुंभ का आयोजन किया गया था। जिसका उद्देश्य पूरी तरह राजनीतिक था। आठ महीने बाद राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं। जाट समाज का प्रदेश की राजनीति में बहुत प्रभाव है। इस सम्मेलन का उद्देश्य राजनीति में जाट समाज की भागीदारी को बढ़ाना था। राजस्थान में लोकसभा के 6 व विधानसभा के करीबन 33 सदस्य जाट समुदाय से आते हैं। राजस्थान में जाट समाज की आबादी भी 12 प्रतिशत से अधिक है। इतना अधिक प्रभाव होने के बाद भी आज तक राजस्थान में जाट मुख्यमंत्री नहीं बन सका है। इसी बात को लेकर जाट समाज के लोगों में नाराजगी है। राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू ,सीकर, जयपुर, भरतपुर, नागौर, अजमेर, चित्तौड़गढ, भीलवाड़ा, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में जाट समाज का बहुत प्रभाव है। इन जिलों के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिस तरफ जाट समाज का झुकाव होता है उसी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत होती है। संख्या में सबसे अधिक होने के उपरांत भी जाट समाज के नेताओं को राजनीति में पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाया है। राजस्थान के जाट मतदाता पांच दशक तक लगातार कांग्रेस पार्टी को एक तरफा समर्थन देते रहे थे। देश की आजादी के बाद रियासतों को समाप्त करने से जाट समाज का जुड़ाव कांग्रेस से हो गया था। राजस्थान में जाट समाज कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता था। जाट समाज के कई ऐसे बड़े नेता हुए जो प्रदेश व देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। बलदेव राम मिर्धा बड़े नेता थे जिन्होंने जाट समाज के लोगों को संगठित करने का काम किया था। देश की आजादी के बाद राजनीति में कुंभाराम आर्य, सरदार हरलाल सिंह, नाथूराम मिर्धा, रामनिवास मिर्धा, परसराम मदेरणा, कमला, दौलत राम सारण, सुमित्रा सिंह, रामनारायण चौधरी, शीशराम ओला, शिवनाथसिंह गिल, रामदेव सिंह महरिया, डॉक्टर हरिसिंह, नारायण सिंह, कामरेड संपत सिंह, मनफूल सिंह भादू, हेमाराम चौधरी, महादेव सिंह खंडेला, नटवर सिंह, बलराम जाखड़, लालचंद कटारिया, नरेंद्र बुडानिया, सांवरलाल जाट, राजा मानसिंह, महाराजा विश्वेंद्र सिंह, हनुमान बेनीवाल, कैलाश चौधरी, गोविंद सिंह डोटासरा, सतीश पूनिया जैसे बड़े व प्रभावी जाट नेता रहे हैं। जो अपने-अपने पार्टियों में बड़े पदों पर रहकर राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक समय में तो चौधरी कुंभाराम आर्य, नाथूराम मिर्धा, परसराम मदेरणा जैसे दिग्गज जाट नेता थे जिनकी बात को टालने की हिम्मत किसी मुख्यमंत्री में भी नहीं होती थी। चौधरी कुंभाराम आर्य तो इतने प्रभावशाली नेता थे कि कलेक्टरों तक कि उनके चेंबर में जाने की हिम्मत नहीं होती थी।

# विचार

## काश, अजय बांगा-गुनीत मौंगा से प्रेरित होते खालिस्तान समर्थक

**आर.के. सिन्हा**

**आजकल** ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में कुछ भटके हुए सिख नवयुवक न जाने किस भ्रम में काल्पनिक खालिस्तान की मांग करते हुए दिखाई देने लगे हैं। इन पर गुस्से से ज्यादा तरस ही आता है। अपने महान गुरुओं की धरती पंजाब और भारत को लेकर ये जिस तरह से अनाप-शनाप बकवास कर रहे होते हैं, वह बेहद अशोभनीय होती है। वे यह समझ लें कि अब भारत कभी भी विभाजित नहीं होगा। भारत के बंटवारे का ख्वाब देखने वालों को निराशा ही होगा। इस बिन्दु पर 140 करोड़ भारतीय एक हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है। अब वह जमाना गया जब अपनी-अपनी नेतागिरी चमकाने और प्रधानमंत्री बनने के लिए नेहरु और जिन्ना ने हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बाँट लिया कअब वैसा होने से रहा क ाश, खालिस्तान के पक्ष में नारेबाजी करने वाले अजय बांगा और गुनीत मौंगा से कुछ प्रेरणा ले लेते। ये दोनों भी कट्टर सिख हैं और इनकी हालिया उपलब्धियों पर सारा देश गर्व कर रहा है। बांगा उस वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, जिसके 189 सदस्य देश हैं, जिनमें 170 देशों के नागरिक संसार के 130 शहरों में काम कर रहे हैं। बेशक, गरीबी को खत्म करने तथा विकास का रास्ता दिखाने वाले वर्ल्ड का प्रमुख बनने जा रहे बांगा की उपलब्धि पर सारा भारत खुश है। अजय बांगा एक शूरवीर के पुत्र हैं।

उनके पिता हरभजन सिंह बांगा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1962, 1965 और 1971 की जंगों में शत्रु सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बांगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख परिवार है। अजय बांगा बेहतरीन मोटिवेशल स्पीकर भी हैं। उनके नेतृत्व में ही मास्टर कार्ड नाम की कंपनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीजा कार्ड को पछाड़ा था। अजय बांगा ने मास्टरकार्ड को मोबाइल पेमेंट के क्षेत्र में पहले नंबर पर पहुंचाया। वे हिन्दी, पंजाबी, इग्लिश के अलावा गुजराती भी बोल लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 की अमेरिका यात्रा के समय उनसे फार्च्यून-500 कंपनियों के सीईओज मिले थे। उनमें अजय बांगा भी थे। बांगा को बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का एक्सपर्ट माना जाता है। बांगा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी ट्रेड पॉलिसी से जुड़ी सलाहकार टीम में लिया था। अब वे वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। जाहिर है कि उनकी सलाह से सदस्य देशों को लाभ होगा। अजय बांगा वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन देशों के लिए विशेष योजनाएं लाएंगे जो विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ गए हैं।

अगर बात गुनीत मोंगा की करें तो उन्हें उनकी फिल्म 'द एलीफैंट विस्परर्स' के लिए आस्कर सम्मान मिला है। 'द एलीफैंट विस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। गुनीत मोंगा के बारे में देश को तब कायदे से पता चला जब उन्होंने लंच बॉक्स, मानसून शूट आउट तथा गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया। ये सभी फिल्में हिट हुईं और इन्हें दर्शकों तथा समीक्षकों का समान रूप से प्यार मिला। पहले वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बन रहे अजय बांगा और और फिर गुनीत मोंगा ने देश का नाम रोशन किया है। यह सच है कि अजय बांगा अब अमेरिकी नागरिक बन चुके हैं। पर उन्हें अपने भारतीय मूल का होने पर गर्व है। वे बार-बार भारत आते हैं। वे भारत से दूर जा भी नहीं सकते। आखिर यही उनका देश है। उनकी मातृभूमि है उधर, मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली गुनीत मोंगा अब मुंबई में रहती है। गुनीत मोंगा जब आस्कर पुरस्कार लेने गई तब उन्होंने साड़ी पहनी हुई थी और उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर नाज है। जिन खालिस्तानियों ने लंदन में भारतीय तिरंगे का अपमान किया उन्हें नींद कैसे आती होगी। वे तो अब अमर शहीद भगत सिंह को भी गालियां दे रहे हैं। उन्हें डूब के मर जाना चाहिए। उनके लिए मरने का इससे बेहतर कोई रास्ता नहीं हो सकता।

जिस भारत माता के प्रति हरेक हिन्दुस्तानी अपनी जान का नजराना देने के लिए तैयार रहता है, वे उसके लिए अपशब्द बक रहे हैं। वे भारत में आकर क्यों नहीं भारत माता और भगत सिंह के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते। एक बार करके देखें तो सही। उन्हें तब जन्नत की हकीकत को सामने से देखने का मौका मिलेगा। पर ये तो कायर हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अहिंसा पथ के शांति पथिकः महावीर

**डॉ. घनश्याम बादल**

**संन्यास** से पूर्व के वर्धमान महावीर स्वामी का जीवन त्याग और तपस्या का साक्षात उदाहरण है। उनके अनुसार सत्य के पक्ष में रहते हुए किसी के हक को मारे बिना, किसी को सताए बिना, अपनी मयार्दा में रहते हुए पवित्र मन से, लोभ लालच किए बिना, नियम से बंधकर सुख - दुख में समान आचरण करके ही सार्थक जीवन जिया जा सकता है। महावीर कहते थे -ह्यअगर तुम जीना चाहते हो तो दूसरे को भी जीने दो। तभी तुम जी सकते हो, अन्यथा नहीं । दूसरों की शांति भंग मत होने दो , तभी सच्ची शांति प्राप्त हो सकती है।' जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर व दुनिया को अहिंसा व सच के रास्ते पर लाने वाले त्याग, संयम, प्रेम, करुणा, शील और सदाचार की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर स्वामी का जन्म चैत्र त्रयोदशी को उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में, सोमवार, 27 मार्च, 598 ईसा पूर्व के मांगलिक प्रभात में वैशाली के राजा सिद्धार्थ के घर हुआ था ।

**तीर्थंकर महावीरः** मान्यता है कि महावीर स्वामी का तीर्थंकर के रूप में जन्म उनके पिछले अनेक जन्मों की सतत साधना का परिणाम था।एक समय महावीर का जीव पुरूरवा भील था। संयोगवश उसने सागरसेन नाम के मुनिराज के दर्शन किये जो रास्ता भूल जाने के कारण उधर आ निकले थे। मुनिराज के धर्मोपदेश से उसने धर्म धारण किया और आजीवन धर्म पथ पर चला।महावीर के जीवन की वास्तविक साधना का मार्ग यहीं से प्रारम्भ होता है। इस बीच में उसे कौन-कौन से मार्गों से जाना पडा, जीवन में क्या-क्या बाधायें आईं और किस प्रकार भटकना पडा ? यह एक लम्बी और दिलचस्प कहानी है, जो सन्मार्ग का अवलम्बन कर जीवन के विकास की प्रेरणा देती है।

**शांत पथिक का जीवनः** महावीर स्वामी का जीवन एक शांत पथिक का जीवन था, जब अनंत बार भोग लेने के बाद भी उनके जीव को तृप्ति नहीं हुई तब भोगों से मन हट गया, किसी चीज की चाह नहीं रही। परकीय संयोगों से बहुत कुछ छुटकारा मिल गया। अब जो कुछ भी रह गया उससे भी छुटकारा पाकर महावीर मुक्ति की राह देखने लगे।

## भूतियापा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यहाँ स**ब मरे जा रहे हैं। हर पल हर मिनट हर घंटे। यह छद्म अमरता का भूतियापा जब किसी के सिर पर चढ़ जाता है तो वह उसे भूखा नंगा और दंगाई बनाकर छोड़ता है। अमरता की चाभी और भूतियापा का ताला मानो एक दूसरे के लिए बने हैं। जो इंसान बुखार में भी अमरता का स्वास्थ चाहता है वही सबसे जुनूनी कहलाता है। अब आपको क्या बताएं यहां अमरता प्राप्ति के लिए कौन-कौन, क्या-क्या और कैसे-कैसे जुगाड़ लगा रहा है। यहाँ अजीब होड़ लगी है। यहां जीतने के लिए दौड़ने की नहीं गिराने की जरूरत पड़ती है। अमरता की पागलपंती के लिए कोई लिख लिखकर बावला हुए जा रहा है तो कोई होर्डिंग, पोस्टर, ब्राउचर तो कोई पंपलेट पर लेट लेट कर अपनी हंसती छवि में खुद को पहुंची ही हस्ती सिद्ध करने में मरा जा रहा है। कोई भगवान के नाम पर चंदा तो कोई चंदे के नाम पर भगवान का धंधा कर रहा है।चंदे के धंधे में अमरता के बंदे हर गली चौराहों पर उछल कूद करते हुए मिल जाएंगे। यहां कोई पद पाने के लिए पदयात्रा कर रहा है तो कोई कुर्सी पाने के लिए कुर्सासन रहा है। कोई तुक्के के नाम पर बेतुकी बातें कर रहा है तो कोई तन मन धन की बात कर रहा है। सब के सब अमरता के भूतियापे में आकंठ डूबे हुए हैं। अमरता की इमरती के लिए कोई भेष बदलकर अवतारी बनने पर तुला है तो कोई अपनी ताकत के पेपरवेट के नीचे कागज सरीखे लोगो को दबाए रखा है। कुछ अपने मत के पथ पर तो कुछ पथ के मत पर अड़े हुए हैं। इनकी सार्वभौमिकता आतंक का पर्याय है। नैतिकता से शून्य अमरत्व पिपासु मूल्यों पर लंबी लंबी फेंके जा रहे हैं। गुरु की गुरुताई और चेले की धूरताई एक दूसरे पर भारी पड़ रही है। वेद पुराण उपनिषद का ज्ञान इन के लिए वनलाइनर बनकर रह गया है। नौजवानों की दुनिया में अमरता का खेला बुद्धिजीवी खेले जा रहे हैं। दिन को रात और रात को दिन बताए जा रहे हैं। झूठ को सच की तरह परोस कर हरिश्चंद्र को मात दिए जा रहे हैं। वहीं नौजवान सोशल मीडिया में ड्रीम एलेवन खेल-खेलकर अपनी तरह की भूतियापा पाना चाहते हैं।

# भगवान महावीर की 2650वीं जयंती मनाई गई





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**देश-दुनिया** को अहिंसा एवं मानवता का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2650वीं जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। शहर में रथयात्रा के साथ-साथ सुबह-सुबह अलग-अलग स्थानों पर प्रभात फेरियों व पालकी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। सुबह पांच बजे सैक्टर 14 से शुरू हुई प्रभात फेरी का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने महावीर जयंती की बधाई देते हुए भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, क्षमा जैसे सिद्धांतों को आत्मसात करके जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अहिंसा के सिद्धांत पर चलते हुए समाजवाद की स्थापना में अपना योगदान देना चाहिए, तभी हम देश व समाज को सशक्त बना सकेंगे। इससे पूर्व सैक्टर 15 मंदिर से पहली बार भगवान महावीर पालकी रथ में सवार होकर धूमधाम से निकले तो श्रद्धालुओं ने जैन धर्म की जय-जयकार जियो और जीने दो को संदेश के नारे लगाए।

इससे पूर्व दिगम्बर जैन मंदिर मंडी में तीन दिन से चल रहे उत्सव के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि भगवान महावीर के संदेश आज की प्रासंगिक है और भगवान महावीर के पदचिन्हों पर चलकर समाज से ईर्ष्या, द्वेष, धर्म के नाम पर कट्टरता समाप्त होकर एक समभाव समाज की स्थापना हो सकती है।

उन्होंने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत विज्ञान पर आधारित हैं जिन्हें जीवन में अपनाकर मानव स्वस्थ मन से स्वस्थ विचार अंकुरित करके तन को भी स्वस्थ रख सकता है। इस अवसर पर एडवोकेट एस0के0 जैन, राजेश जैन (बिट्टू), बंटी जैन, मनीष जैन, पीयूष जैन, अवनीश जैन, मनीष जैन, राजीव जैन, जगदीश जैन, जयकंवार जैन, सुरेश जैन, भूषण जैन, मुकेश जैन, टोनी जैन, नरेश जैन, शशि जैन, शुभम जैन, पारस जैन, अंकुर जैन, दिनेश जैन, अभिषेक जैन, सुशील जैन, मामन जैन, राकेश जैन, रमेश जैन, निशा जैन, सरोज जैन, अंजु जैन, शालिनी जैन, रितु जैन समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जो ईश्वर दिखा दे वही गुरु है: पद्महस्ता भारती



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**दिव्य ज्योति** जाग्रति संस्थान द्वारा सोनीपत के हुड्डा ग्राउंड ,सैक्टर -23 में सात दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिवस में सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या महामनस्विनी मानसमर्मज्ञा साध्वी सुश्री पद्महस्ता भारती ने बताया कि जब प्रभु पंचवटी में निवास करते है तो वहाँ पर प्रभु श्री राम जी के दिव्य स्वरूप को देखकर शूर्पनखा मोहित हो जाती है और वह प्रभु राम के समक्ष प्रणय निवेदन रखती है परंतु प्रभु उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं तो वो राक्षसी माँ सीता का भक्षण करने के लिये उनकी ओर दौड़ पड़ती है। तभी महाबली राम जी ने मौत के फंदे की तरह आती हुई उस राक्षसी को हुंकार से कुपित हो लखन से कहा कि लखन इस उदंड राक्षसी को इसके कर्म का फल दे दो` राम जी के इशारे से ही लखन ने अपनी म्यान से तलवार खींची और शूर्पनखा के कान नाक को काट दिया। इस प्रसंग को सुनकर बहुत से लोग प्रभु पर और लखन पर आक्षेप लगाते हैं कि प्रभु तो मर्यादापुरुषोत्तम थे। उन्होंने ऐसे कर्म को करते हुए लखन को रोका क्यों नहीं। भगवान वाल्मीकि जी बताते है कि जब राम वन को जाने के लिए उद्यत हुए तो माँ सुमित्रा ने लखन को समझाते हुए कहा रामं दशरथं विद्धि मां विद्धि जनकाम्मजाम्।। हे लक्ष्मण! आज से तुम राम को पिता दशरथ सदृश समझना। जनकात्मजा जानकी को माता के समान मानना। तात्पर्य कि लखन जानकी को माँ कहते और पूजते थे। अब बताइए यदि कोई हमारे सामने हमारी माँ को मारने के लिए दौड़े तो क्या आप चुप चाप बैठे रहेंगें। नही! आपका रक्त खौलेगा आप प्रतिक्रिया स्वरूप उस अभद्र व्यक्ति को अवश्य दंडित करोगे। शूर्पनखा भी लखन के सामने जानकी पर टूट पड़ी थी फिर लखन निष्क्रिय कैसे रह सकते थे। उनका नाक कान काटना बिल्कुल धर्मसयुक्त और न्याय संगत था।

आगे सीता-हरण प्रसंग का व्याख्यान करते हुए बताया कि रावण भगवे वस्त्र धारण कर कुटिया के समक्ष आकर अलख जगाता है तब माँ जानकी रावण को संत समझकर उनको भिक्षा देने के लिए लक्ष्मण रेखा को भी पार कर देती है` तभी रावण जानकी जी का हरण कर लेता हैं। साध्वी जी ने बताया कि संत की पहचान उसका पहनावा या शैली नहीं है। आज के परिवेश में संतों का अकाल नहीं है। हर जगह गैरिक रंग के वस्त्र पहने आपको संत दिख जायेंगे। पर यहाँ स्वाल है कि हर भगवाधारी को गुरु कहना क्या उचित है? नही! गुरु की पहचान क्या है इसके विषय में हमारे महापुरुषों ने बताया है कि जो ईश्वर दिखा दे वही गुरु है। इसी कसौटी को हाथ में लेकर चलना है फिर हम कभी धेखा नही खाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रेम की पराकाष्ठा प्राप्त कर चुकी शबरी के आश्रम में जाकर उसके जूठे बेर प्रभु ने खाये। प्रभु श्री राम भक्ति से परिपूर्ण आंतरिक सौन्दर्य को देखकर उसे भामिनी कह कर सम्मबोधित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के मोहित सरोहा ने प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**




29 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक गुरुग्राम में स्पेशल ऑलंपिक भारत हरियाणा द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से 17 राज्यों के लगभग 200 दिव्यांग खिलाड़ियों ने साईकलिंग, रॉलर स्केटिंग व बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सोनीपत जिले से लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के मोहित सरोहा ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतकर, विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। मोहित ने अपने वर्ग एम-4 में खेलते हुए सैमीफाईनल में केरल के धनुष व फाईनल मैच में हिमाचल के गौरव को पराजित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पूर्व दिनांक 20 मार्च 2023 को झज्जर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मोहित ने फरीदाबाद के उत्कर्ष व रोहतक के सुमित को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर नैशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया था। लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल व लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने मोहित सरोहा का विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने मोहित सरोहा को बधाई दी और उसको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया। अधिक जानकारी के लिए कृपया आप कोच संजीव कुमार को इस न0 7357530181 पर संपर्क कर सकते है।

### अपस्टॉक्स ने एक नया अभियान इन्वेस्ट राइट लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** देश के अग्रणी डिजिटल निवेश प्लेटफार्मों में से एक अपस्टॉक्स ने एक नया अभियान इन्वेस्ट राइट लॉन्च किया है। इस अभियान के तहत लोगों को यह जानकारी दी जाती है कि उन्हें कहाँ निवेश करना है, कब निवेश करना है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्यों निवेश करना है।यह अभियान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र की शुरूआत के साथ शुरू होगा। अपस्टॉक्स टाटा आईपीएल का एक आधिकारिक भागीदार है। इस अभियान के साथ, अपस्टॉक्स लोगों के निवेश के तौर-तरीकों को बदलना चाहता है - इसे सरल, सहज और आकर्षक बनाना चाहता है।अपस्टॉक्स का पिछला आईपीएल अभियान ह्यस्टार्ट करके देखोह्व भी काफी सफल रहा था। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए इस साल के अभियान का फोकस सही निवेश पर है। आज लोग निवेश तो करना चाहते हैं लेकिन बहुत सारे विकल्प होने के कारण अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। इसलिए उनकी मदद करने के लिए, अपस्टॉक्स ने निवेश प्रक्रिया को बेहद सरल अंदाज में लोगों को समझाने का प्रयास किया है। अभियान के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए अपस्टॉक्स की को-फाउंडर कविता सुब्रमण्यन कहती हैं, म्यूचुअल फंड दरअसल निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की विकास क्षमता में भाग लेने का एक शानदार अवसर प्रदान करते हैं।

### आकाश बायजूस ने करनाल में अपनी शाखा के सफल संचालन के चौथे वर्ष का जश्न मनाया

**करनाल।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने आज करनाल में अपनी शाखा के सफल संचालन के चौथे वर्ष का जश्न मनाया। शाखा को चार साल पहले फाउंडेशन, एनईईटी और जेईई पाठ्यक्रमों की पेशकश करने वाले एक पूर्ण केंद्र के रूप में खोला गया था। केंद्र वर्तमान में 750+ से अधिक छात्रों की छात्र संख्या है। समारोह में आकाश बायजूस के शाखा अधिकारियों के साथ 100+ माता-पिता और छात्रों ने भाग लिया। शाखा ने अपने 15 छात्रों को विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया। 2020 में 11, 2021 और 2022 में 15-15 छात्रों ने नीट पास किया है। इसी तरह, जेईई 2020 में 25, 2021 में 77 और 2022 में 54 छात्रों ने परीक्षा पास की है। साथ ही, शाखा के छात्र विभिन्न ओलंपियाड को मंजूरी दी है। एनएसई-2023 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले आयुष राणा और आदित्य भारद्वाज हैं, माधव और वैनी दुआ ने आईएनएमओ 2022 में सफलता हासिल की है। एएनटीएचई 2022 में, आकाश इ खवर की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में करनाल शाखा से लगभग 7500 छात्र उपस्थित हुए थे। करनाल शाखा के संचालन के चार साल पूरे होने पर आकाश बायजूस के क्षेत्रीय निदेशक श्री परमेश्वर झा ने कहा, ह्लकरनाल में अपनी शाखा के चार साल पूरे करने पर हम बहुत खुश हैं।

# हरियाली से हरा-भरा होगा अंबाला छावनी, 50 हजार पौधे लगाने का एक्शन प्लान तैयार: विज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी को हरा-भरा बनाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया विभिन्न प्रजातियों के 50 हजार पौधे अलग-अलग स्थानों पर लगाए जाएंगे। वहीं, मुख्य स्थानों पर पौधों की सुरक्षा के लिए पांच हजार ट्री-गार्ड लगाने हेतु गृह मंत्री अनिल विज ने व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक, एनजीओ एवं अन्य संस्थाओं से सहयोग का आह्वान भी किया है ताकि पौधों के बड़े होने तक उनकी सुरक्षा हो सके। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि पौधों को लगाने के लिए 25 से ज्यादा लोकेशन तय भी कर ली गई है जहां पर यह पौधेरोपण होगा। सड़कों के किनारों पर, पार्कों, पंचायती भूमि, विभिन्न स्कूलों एवं अन्य क्षेत्रों में भी पौधेरोपण होगा। कई स्थानों पर बड़े पौधे लगाए जाएंगे तो कई स्थानों पर छोटे पौधे लगेंगे। पौधों को वन विभाग एवं नगर परिषद के सहयोग से लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी को हरा-भरा बनाने के लिए पौधरोपण का यह प्लान तैयार किया गया है जिससे अम्बाला छावनी में पर्यावरण भी बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि मुख्य स्थानों पर पौधों की सुरक्षा के लिए पांच हजार ट्री-गार्ड भी लगाए जाएंगे। इन ट्री-गार्ड को उपलब्ध कराने के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने विभिन्न व्यापारिक एवं अन्य संगठनों से सहयोग का भी आह्वान किया है। मुख्य स्थानों पर पौधों को प्रारंभ में बचाने के लिए ट्री-गार्ड लगाने जरूरी हैं और यहीं वजह है कि पांच हजार ट्री-गार्ड लगाने का निर्णय लिया गया है।

# पानीपत की अनाज मंडी में बहुत जल्द बनवाया जाएगा किसान भवन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत अनाज** मंडी आढ़ती एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान दिनेश भौक्कर ने सोमवार को मंडी में भंडारे का आयोजन किया। जिसमें मंडी के आढ़तियों, किसानों, विभिन्न पार्टियों के नेताओं व शहर के अनेकों संगठनों के सदस्यों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और नवनियुक्त मंडी प्रधान दिनेश भौक्कर को बधाई दी। वहीं अनाज मंडी में पहुंचे पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा और जजपा के प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादियान को मंडी प्रधान दिनेश भौक्कर, आढ़ती दूलीचंद, मनोज सिंगला, निर्मल कादियान व रोशन छौक्कर आदि ने बताया कि पानीपत अनाज मंडी में किसान भवन नहीं है।

# अंबाला में जल्द बनेगा पशुपतिनाथ मंदिर व धर्मशाला

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला शहर** स्थित मानव चौक खुराना कॉम्प्लेक्स में सेवा सुरक्षा सहयोग समिति नेपाली संस्था की मासिक बैठक महासचिव रीटा पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संस्था के अध्यक्ष गणेश पटेल ने बताया कि संस्था द्वारा जो श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला बनाने का कार्य अम्बाला में जल्द से जल्द किया जाएगा जिसके लिए शहर व अन्य भिन्न भिन्न राज्यों में बस रहे लोगों से अपील की अधिक से अधिक लोग बढ़-चढ़कर इस मंदिर धर्मशाला बनाने में पूर्ण रूप से अपना सहयोग दें । बैठक के चलते संस्था कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा ने बताया कि



पशुपतिनाथ मंदिर जो कि एक नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित है एक ऐसा ही दृश्य अंबाला शहर जैन कॉलेज रोड हीरा नगर में पशुपतिनाथ मंदिर व धर्मशाला बनाया जाएगा इस भव्य मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आएंगे और इस मंदिर की मान्यता के अनुसार जो भी व्यक्ति सच्चे मन से इस मंदिर में आकर दर्शन करेगा उस व्यक्ति का अगले जन्म में पशु का जन्म नहीं होगा मानवता पर आधारित शिव भगवान के आश्रीवाद से
जन्म लेकर धरती में जो व्यक्ति पैदा होगा उस व्यक्ति पर सदैव शिव का आशीर्वाद बना रहेगा । बैठक के चलते मीटिंग में 6 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की ओर समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।

# गेहूं के अवशेष जलाने पर पाबंदी

**सोनीपतः जिलाधीश** ललित सिवाच ने गेंहू के अवशेष जलाने पर पाबंधी लगाते हुए धारा-144 के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि खेतों में किसानों द्वारा गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में कुछ किसानों द्वारा कंबाईन से और कुछ द्वारा हाथों से गेहूं की कटाई की जा रही है। ऐसे समय में अगर खेतों में बचे हुए गेहूं के अवशेषों को आग लगाते हैं तो इससे मानव जीवन को खतरा रहता है, कानून व्यवस्था बिगडने की आशंका और पर्यावरण प्रदूषण भी होता है। जिलाधीश ने कहा कि लोगों व पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते जिला की सोनीपत की सीमा में भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत गेहूं की फसल के अवशेषों को जलाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई जाती है।

# वकीलों की पार्किंग रोकने के खिलाफ धरने पर बैठे वकील

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में वकीलों का पार्किंग को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद वकीलों ने वर्क सस्पेंड करते हुए मिनी सचिवालय का रास्ता रोक दिया। वकीलों का आरोप है वे जहां अपने वाहन पार्क करते थे उसे ठेके पर दे दिया गया है और आज अचानक उनकी पार्किंग पर रोक लगा दी गई। जिसके बाद उन्हें ये रास्ता अपनाना पड़ा। वकीलों का कहना है जब तक उन्हें पार्किंग नही मिलेगी तब तक वर्क सस्पेंड जारी रहेगा।

**8 ऐसे में हम लोगों के लिए सदा ही न्याय के लिए लडते है। हमे बिना बताएं गाडियो को भीतर नहीं जाने दिया जा रहा**

अंबाला मिनी सचिवालय के नजदीक खाली पड़ी जगह को पिछले कई सालों से वकील पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे। जहां वकीलों ने शेड भी डलवा रखे हैं। लेकिन अब प्रशासन ने उस जगह को ठेकेदार को पार्किंग के लिए दे दिया है। जिसके चलते आज वकीलों को उस स्थान पर पार्किंग नही करने दी गयी। इसी बात से खफा हो वकीलों ने वर्क सस्पेंड का एलान कर दिया और मिनी सचिवालय के नजदीक रास्ते को रोक दिया। जिससे कोर्ट व सचिवालय आने जाने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।
वकीलों ने आरोप लगाया कि यह प्रशासन का तानाशाही भरा रवैया है उन्हें पहले इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी। वह अब अपने वाहन कहां पार्क करें। जब इसका स्थाई हल नही निकलता तब तक वे वर्क सस्पेंड जारी रखेंगे। आज सुबह कोर्ट परिसर में जब वकील आने लगे तो उन्हें पता चला कि पार्किगं फीस ली जा रही है। जिस पर वकीलों ने ऐतराज जताया। बार एसोसिएशन के उपप्रधान एडवोकेट अमित कुमार गर्ग ने कहा कि वकीलों के हितों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कारवाई की जाएगी। उन्होनें बताया कि इस पार्किग को वकीलों के फंड से पक्का किया गया था। लेकिन अचानक प्रशासन ने एक तरफा फैसला ले लिया है। उन्होने कहा कि लंबे समय से यहां वकील अपनी गाडियां खडी कर रहे थे। अचानक वकीलों की गाडियों को यहां आने से रोक दिया गया। जिसको लेकर सभी वकीलों में गहरा रोष है यदि प्रशासन को किसी प्रकार की आपति थी कि तो वह नोटिस देते या हमारे से बात करते। हम डीसी कार्यालय व एडीसी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर बैठे हुए है। ऐसे में हम लोगों के लिए सदा ही न्याय के लिए लडते है। हमे बिना बताएं गाडियो को भीतर नही जाने दिया जा रहा। जिसके चलते आज वकील वर्क स्सपेंड करते हुए यहां धरने पर बैठे है।

# हंगामे के बीच निगम की बैठक में करोड़ों का बजट पास



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा के** अंबाला में नगर निगम की पंचायत भवन में बजट की मीटिंग चल रही है। इस मीटिंग में शहर का 135 करोड़ का बजट पास किया जा रहा है। वहीं, पार्षद प्रॉपर्टी टैक्स, विकास कार्य, एनडीसी, सफाई व्यवस्था, नई स्ट्रीट लाइट समेत अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहे हैं। नगर निगम के पास 550 सफाई कर्मी हैं, जबकि शॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत 13.47 करोड़ का वार्षिक टेंडर दिया हुआ है। इसके बावजूद शहर में सुचारू रूप से सफाई नहीं हो रही। विदित हो कि 31 मार्च को होने वाली इस मीटिंग को स्थगित कर दिया गया था। बिल में गड़बड़ी मिलने पर मेयर शक्ति रानी शर्मा ने नए अकाउंट ऑफिसर की क्लास लगाई। बजट की प्रतियों में गड़बड़ी मिलने पर मेयर की नाराजगी के बाद कमिश्नर ने एक्शन लिया। अकाउंट ऑफिसर को चार्जशीट करने के निर्देश। मीटिंग में पहुंचे पार्षदों ने बजट से पहले विकास पर चर्चा करने की डिमांड रखी। यही नहीं, पार्षदों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

पार्षद ने कहा कि पिछले मीटिंग में 25 लाख विकास कार्यों पर खर्च करने के लिए दिए गए थे, लेकिन स्थिति यह है कि 20-20 लाख रुपए खाते में पड़े हैं, लेकिन कोई विकास कार्य नहीं किए जा रहे पार्षद संदीप सचदेवा ने कहा कि काम का सर्वे करने के बाद ही बजट को जारी किया जाए। इस दौरान डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कमिश्नर से पूछा कि आप शहर का विकास कराना चाहते हैं या नहीं। हालांकि कमिश्नर ने भी विकास कराने की बात कही। पार्षद मनीष आनंद ने कहा कि जिस टए के खिलाफ जो निंदा प्रस्ताव पास किया था, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मीटिंग के दौरान पार्षदों ने पूछा कि पिछले मीटिंग में एजेंटों पर क्या एक्शन लिया गया। डिप्टी मेयर ने ऊटउ से पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। मीटिंग में अधिकारी पिछली मीटिंग में पास हुए एजेंडे की कॉपी लेकर नहीं पहुंचे। अधिकारियों को शहर में किए जा रहे ड्रोन सर्वे पर भी पार्षदों ने घेरा। प्रॉपर्टी आइडी में करेक्शन न होने से नगर निगम के पास सिर्फ 5.56 करोड़ ही प्रॉपर्टी टैक्स एकत्रित हो पाया है, जबकि पिछले साल टैक्स एकत्रित करने का अनुमानित लक्ष्य 25 करोड़ रखा गया था। यही नहीं, शहर में सिर्फ 25 लाख के विकास कार्य हुए हैं, जबकि पिछले साल अनुमानित बजट 18 करोड़ रखा गया था।

# प्रधान पद के कायार्काल को लेकर किसान महापंचायत 9 को

## लघु सचिवालय प्रांगण में शहीद स्मारक के पास किसानों ने बैठक की



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**किसान** भवन पानीपत के प्रधान पद के कायार्काल बढ़ाने को लेकर चल रहा विवाद जिलाभर में गहराता जा रहा है। किसानों ने लघु सचिवालय प्रांगण स्थित शहीद स्मारक के पास सोमवार को बैठक की और कहा कि किसी भी हालत में किसान भवन के प्रधान पद के कायार्काल को दो वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष नहीं होने दिया जाएगा। पहले की तरह ही पानीपत जिला के सभी ब्लाकों से नंबर वाईस से दो-दो वर्ष के लिये प्रधान चुना जाएगा। इस मौके पर भाकियू के पूर्व जिला प्रधान जयकरण कादियान, सुरेश दहिया व चूहड़ सिंह रावल, पूर्व जिला उपप्रधान बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, मलिक खाप पंचगामा के प्रधान राजकुमार मलिक, भाकियू चढूनी गुट के जिला प्रधान सुधीर जाखड़, कार्यकारी जिला प्रधान राम सिंह कुंडू, भाकियू छोटूराम के जिलाध्यक्ष प्रदीप जागलान, हरेंद्र राणा, जगबीर नेता जी, सतनरायण बांगड व देवेंद्र जागलान आदि ने कहा कि किसी भी व्यक्ति विशेष को किसान भवन पर कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। भवन के प्रधान को लेकर जो पहले से दो वर्ष की परंपरा चल रही है, उसी के अनुसार आगे भी प्रधान चुना जाएगा। किसानों ने बैठक में फैसला किया कि जिलाभर के किसानों की महापंचायत 9 अप्रैल को किसान भवन में ही होगी। वहीं बैठक के उपरांत किसानों के एक ग्रुप ने एसपी शशांक कुमार सावन से मिलकर मौजूदा जिला प्रधान सोनू मालपुरिया के खिलाफ शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाये है और एसपी सावन ने किसानों को सारे मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया है। जबकि किसानों के दूसरे ग्रुप ने उपायुक्त सुशील सारवान से मिलकर किसानों की बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का ब्यौरा अपलोड करने के लिये सभी गांवों के पोर्टल चालू करवाने की मांग की है।

# उपायुक्त ने गेट पर पहुंचकर की पूर्व सैनिकों की मांगों की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त ललित सिवाच ने स्वयं लघु सचिवालय के गेट पर पहुंचकर पूर्व सैनिकों की मांगों की सुनवाई की। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा, जिसपर उपायुक्त ने पूर्व सैनिकों को आश्वासन दिया कि अगले दो दिन के अंदर इस मांग पत्र को जिला प्रशासन की और से हाई कमीशन को भेजा जाएगा। पिछले दिनों बेमौसम बारिश से हुए फसल खराबे की गिरादावरी करवाने व मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल को शुरू करवाने को लेकर गांव खाण्डा अलमान पाना, खाण्डा, चौलका, नाहरा, नाहरी सहित विभिन्न गांवों के सरपंचों ने उपायुक्त से मुलाकात की, जिसकी सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने सरपंचों को आश्वासन दिया कि वे किसानों की हर परेशानी में उनके साथ खड़े है और उन्होंने स्वयं पोर्टल को लेकर चण्डीगढ बात की है, आज शाम तक पोर्टल को शुरू कर दिया जाएगा।
फसल खराबे की स्पेशल गिरदावरी को लेकर उपायुक्त ने बताया कि राजस्व अधिकारियों द्वारा जिला के प्रत्येक प्रभावित खेत की स्पेशल गिरदावरी की जाएगी।

# सीएम अब खुद रखेंगे पानी की आपूर्ति पर नजर

## स्वच्छ जल उपलब्ध कराने को लेकर पिछले डेढ़ महीने में मुख्यमंत्री केजरीवाल की यह चौथी समीक्षा बैठक थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** वालों को पर्याप्त स्वच्छ जल उपलब्ध कराने को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक बार फिर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मैराथन बैठक की। पिछले डेढ़ महीने में मुख्यमंत्री केजरीवाल की यह चौथी समीक्षा बैठक थी। इस दौरान दिल्ली में प्रतिदिन उत्पादित होने वाले पानी की निगरानी, ट्रीटेड पानी को पार्कों तक पहुंचाने, आरओ प्लांट लगाने और ट्यूबवेल्स व आरओ प्लांट्स के लिए जमीन संबंधित मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में जल मंत्री सौरभ भारद्वाज, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ, डिसुब, एमसीडी, वन विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में केजरीवाल ने दिल्ली में उत्पादित किए रहे पानी और उसकी आपूर्ति पर सबसे ज्यादा बल दिया। दिल्ली जल बोर्ड से दिल्ली में उत्पादित होने वाले कुल पानी और उसकी आपूर्ति की पूरी जानकारी ली और कहा कि अब वे स्वयं पानी के उत्पादन और आपूर्ति पर रोजाना नजर रखेंगे। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड से कहा कि कल से मुझे रोजाना पानी के उत्पादन और आपूर्ति का डेटा चाहिए। मुख्यमंत्री ने डीजेबी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से उत्पादित होने वाले पानी, डब्ल्यूटीपी से टैपिंग तक और टैपिंग से प्राइमरी यूजीआर तक पहुंचने वाले पानी का डेटा रोजाना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। दिल्ली जल बोर्ड को यह सारा डेटा रोजाना मुख्यमंत्री को उनके वाट्सएप पर उपलब्ध कराना होगा। मुख्यमंत्री खुद रोजाना देखेंगे कि रोजाना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कितना पानी का उत्पादन हो रहा है और प्राइमरी यूजीआर तक पहुंचने तक कितना पानी बच रहा है। अगर कहीं पर लीकेज हो रहा है या पानी की चोरी हो रही है तो मुख्यमंत्री खुद संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दे सकेंगे।





**चर्चा हुई**

= आरओ प्लांट लगाने और ट्यूबवेल्स व आरओ प्लांट्स के लिए जमीन संबंधित मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई

### सीएम ने पीएम को लिखा पत्र: ट्रेन में बुजुर्गों को मिलने वाली छूट करें बहाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर रेल यात्रा में बुजुर्गों को मिल रही छूट की सेवा को बहाल करने की अपील की है। केजरीवाल ने सोमवार को पत्र ट्वीट किया। दो पन्ने के पत्र में प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री ने लिखा है कि, देश के बुजुर्गों को पिछले कई सालों से रेल यात्रा में 50 फीसदी तक की छूट मिल रही थी। इसका लाभ देश के करोड़ों बुजुर्गों को मिल रहा था लेकिन आपकी सरकार ने इस छूट को समाप्त कर दिया जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केजरीवाल ने लिखा कि, पिछले दिनों लोकसभा में केंद्र सरकार ने बताया है कि रेल यात्रा में बुजुर्गों को दी जा रही छूट को बंद करने से सालाना 1,600 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने लिखा कि, कई बार हमें इस बात का अहंकार हो जाता है कि हमें जो कुछ जिंदगी में मिला वह सब हमारी मेहनत का ही नतीजा है, लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि हमारी तरक्की में हमारे बुजुर्गों का भी आशीर्वाद होता है। जैसे दिल्ली में बुजुर्गों को उनके पसंदीदा तीर्थ स्थान की फ्री यात्रा कराई जाती है, जहां उनका आना-जाना, रहना और खाने-पीने का खर्च सरकार वहन करती है। इससे बुजुर्गों को असीम खुशी मिलती है। वह दिल की गहराइयों से हमें आशीर्वाद देते हैं और आज दिल्ली हर क्षेत्र में खूब तरक्की कर रही है और इसका कारण बुजुर्गों से मिल रहा आशीर्वाद है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि, बात पैसे की नहीं है, बात नियत की है।

# सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े सीबीआई केस में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। आज मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, इसलिए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। कोर्ट ने कहा था कि मनीष सिसोदिया पर लगे आरोप गंभीर हैं और सीबीआई जांच जारी है, ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती है। सिसोदिया सबूतों और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक षड्यंत्र में सिसोदिया कि सक्रिय भूमिका रही। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत भी अपराध किया गया दिख रहा है। कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया आबकारी घोटाला के आपराधिक साजिश के कर्ताधर्ता थे। 90-100 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत मनीष सिसोदिया और उनके सहयोगियों को देने के लिए थे। इनमें से 20-30 करोड़ रुपये विजय नायर, अभिषेक बोईनपल्ली और दिनेश अरोड़ा के जरिये पहुंचता था।

# कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को हटाया: भाजपा पार्षदों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को हटाए जाने के खिलाफ दिल्ली नगर निगम मुख्यालय पर सोमवार को भाजपा पार्षद धरने पर बैठे। हाथों में पोस्टर लिए भाजपा पार्षदों ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा पार्षदों का आरोप है कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही निगम के हजारों कॉन्ट्रैक्ट बेस्ड कर्मचारियों का कांट्रैक्ट खत्म कर दिया गया है। हालांकि मेयर शैली ओबरॉय की तरफ से यह पहले साफ कर दिया जा चुका है कि कॉन्ट्रैक्ट बेस्ड कर्मचारियों की सेवा का विस्तार किया जाएगा और उनका कॉन्ट्रैक्ट आगे बढ़ाया जाएगा, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है। वहीं प्रदर्शन में शामिल भाजपा पार्षद शिखा राय ने कहा कि, दिल्ली नगर निगम में वर्षों से सैकड़ों कर्मचारी कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे हैं, जिन्हें आप पार्टी की सरकार ने एक झटके में हटा दिया है। इनकी सेवा 31 मार्च को समाप्त कर दी गई और इनके कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाया गया है। इनमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, माली, डीबीसी कर्मचारी सहित अन्य विभागों में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारी शामिल हैं। राय ने कहा कि, एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी देशभर में जाकर दिल्ली के लाखों लोगों को रोजगार देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ निगम में सरकार बनते ही एक झटके में हजारों लोगों को बेरोजगार कर दिया गया।



## अणुब्रत की न्यायिक हिरासत 12 दिन और बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने करोड़ों रुपये की पशु तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता अणुब्रत मंडल की न्यायिक हिरासत 12 दिन और बढ़ा दी है। स्पेशल जज रघुबीर सिंह ने ये आदेश दिया। अणुब्रत मंडल को कोर्ट ने 21 मार्च को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। आज न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, इसलिए उसे कोर्ट में पेश किया गया। ईडी की टीम 7 मार्च की रात को उन्हें कोलकाता से लेकर दिल्ली आई थी और 8 मार्च को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था।

# डीसीडब्ल्यू ने डीयू और पुलिस के अधिकारियों को जारी किया समन

**नोटिस**

= डीसीडब्ल्यू की ओर से दिल्ली पुलिस को भी नोटिस भेजकर मामले में अभी तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में हाल में ही कॉलेज फेस्ट के दौरान छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ और कॉलेज में छात्रों द्वारा घुसकर किए गए हंगामे को लेकर डीयू कुलसचिव को समन जारी किया है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल की तरफ से सोमवार को भेजे गए समन में कॉलेज प्रशासन से पूर्व में गार्गी कॉलेज के फेस्ट के दौरान, दिसंबर 2022 में मिरांडा हाउस कॉलेज के फेस्ट के दौरान भी छात्राओं के साथ हुए शोषण पर विश्वविद्यालय द्वारा कार्रवाई के लिए क्या कदम उठाए गए। उसके बाद इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या नियम बनाए गए इसकी रिपोर्ट रिपोर्ट मांगी है। मालीवाल ने डीयू कुलसचिव को छह अप्रैल को दोपहर दो बजे महिला आयोग में तलब किया है। इसके अलावा डीसीडब्ल्यू की ओर से दिल्ली पुलिस को भी नोटिस भेजकर मामले में अभी तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में कॉलेज फेस्ट के दौरान बड़ी संख्या में दूसरे कॉलेजों के छात्र उमड़ पड़े थे। छात्र कॉलेज की दीवार से कूदकर अंदर घुस गए थे। इस दौरान छात्रों की छात्राओं से तीखी झड़प हुई थी, जिस कारण कई छात्राएं घायल हो गई थी। छात्राओं ने अपने साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण का आरोप लगाया था। साथ ही दोषी छात्रों पर कार्रवाई की मांग की थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थिति को संभाला था। पुलिस की तरफ से आइपी कॉलेज की भी कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया था। जिससे कॉलेज की अन्य छात्राओं ने पुलिस पर दोषियों के बजाय पीड़ितों पर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। यह प्रदर्शन 29 मार्च को दोषी छात्रों पर कार्रवाई करने के लिए वामपंथी छात्र संगठनों ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) और स्टूडेंट फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा किया गया था, जिसमें छात्रों ने दिल्ली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी की।

वहीं आईपी कॉलेज की छात्राओं ने कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर पूनम कुमरिया पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। सोमवार को भी कॉलेज की छात्राओं द्वारा डीयू के अन्य कॉलेजों के छात्र-छात्राओं से उनके साथ खड़े होने की मांग करते हुए एक मार्च का आयोजन किया गया है।



# हर्ष फायरिंग के दौरान महिला के गर्दन में लगी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बाहरी उत्तरी जिले के सिरसपुर इलाके में बीती देर रात हर्ष फायरिंग के दौरान एक महिला घायल हो गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के दौरान महिला अपने घर के बालकनी से नीचे गली में कार्यक्रम देख रही थी।

इस दौरान अचानक महिला के गर्दन में आकर गोली लग गई। घायल महिला की पहचान अंजू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पड़ोस में हो रहे कार्यक्रम में आए किसी शख्स ने हर्ष फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिरसपुर में बीती रात रविवार को घर में बच्चे के जन्म के मौके पर कुआं पूजन का कार्यक्रम किया गया था और रात में उसी का सेलिब्रेशन किया जा रहा था। उसी दौरान एक शख्स द्वारा तीन राउंड फायरिंग की गई, जिनमें से 2 राउंड फायरिंग तो आसमान में चली गई, लेकिन तीसरी गोली महिला की गर्दन में जा लगी। पड़ोसी में रहने वाली अंजु ऊपर से झुक कर ये कार्यक्रम देख रही थी।



दिल्ली में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार विकासपुरी में एक वर्ल्ड-क्लास 'कल्चरल-सेण्टर' बनवायेगी। देशभर के कलाकारों के लिए कई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ये सेंटर 1.09 एकड़ में फैला होगा।

# सीएम ने आज तक दिल्ली की जनता से किया वादा पूरा नहीं किया: मनोज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में भाजपा ने दिल्ली के मुख्य**मंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी शिक्षा मंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए। दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी और भाजपा विधायक अजय महावर ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर केजरीवाल पर एक के बाद एक कई निशाने साधे। इतना ही नहीं उन्होंने हाथ में एक पोस्टर लेकर यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झूठे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से किया कोई भी वादा अभी तक पूरा नहीं किया है। दिल्ली सरकार कट्टर झूठी, बेईमान और भ्रष्टाचारी सरकार है। तिवारी ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों को 12 लाख नौकरी देने का वादा किया था, उसको लेकर भी एक बड़े झूठ का खुलासा किया गया है।



## नबीकरीम में बोरे में मिली लाश, पहचान अभी नही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मध्य** जिले के नबी करीम इलाके में सोमवार सुबह एक व्यक्ति की बोरी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी कि गली नंबर 10 के पास एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस की टीम ने छानबीन की तो देखा कि कूड़े वाले बोरे में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। आसपास के लोगों से पूछताछ करके पहचान की कोशिश की गई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।

# बीजेपी ने रिलीज किया कांग्रेस फाइल्स का दूसरा एपिसोड

## वीडियो में आरोप- पेंटिंग से कमाए 2 करोड़, ये पैसे सोनिया के इलाज में खर्च किए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी ने कांग्रेस फाइल्स का दूसरा एपिसोड रिलीज किया है। सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए इस वीडियो में एमएफ हुसैन की पेंटिंग की खरीद-फरोख्त से जुड़ी बातें बताई गई हैं। जिसे यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर ने प्रियंका गांधी से 2 करोड़ में खरीदा था। इस वीडियो में नैरेटर कुछ फोटोज के साथ कह रहा है- राणा कपूर पर प्रियंका गांधी से 2 करोड़ में पेंटिंग खरीदने का दबाव बनाया गया था। इस वीडियो में ये भी कहा गया है कि इन पैसों का इस्तेमाल सोनिया गांधी के इलाज में किया गया। आतंकवाद का समर्थन करने वाले पाकिस्तान जैसे देशों की केस स्टडी होती थी, उसमें गांधी परिवार के भ्रष्टाचार की केस स्टडी हो रही है। यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर ने ईडी के सामने खुलासा किया कि उन्हें प्रियंका गांधी से 2 करोड़ में पेंटिंग खरीदने मजबूर किया गया। राणा ने प्रियंका गांधी को 2 करोड़ चेक से भुगतान किए थे। इस चेक की फोटो भी वीडियो में शेयर की गई है। तत्कालीन पेट्रोलियम मंत्री मुरली देवड़ा ने चेतावनी दी थी कि अगर राणा पेंटिंग नहीं खरीदते हैं तो गांधी परिवार से उनके रिश्ते बिगड़ जाएंगे। 1 मई 2010 को यूपीए सरकार में मंत्री मिलिंद देवड़ा ने चिट्ठी लिखकर राणा कपूर पर पेंटिंग खरीदने का दबाव बनाया था। गांधी परिवार की तरफ से अहमद पटेल ने राणा को पद्म भूषण दिलाने का वादा किया था।



**आरोप**

= ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए इस वीडियो में एमएफ हुसैन की पेंटिंग की खरीद-फरोख्त से जुड़ी बातें बताई गई हैं

# 'उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने में इग्नू की सराहनीय भूमिका'

## आज डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले 2 लाख 80 हजार विद्यार्थियों में महिला छात्राओं की संख्या करीब 55 प्रतिशत है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि 'उच्च शिक्षा तक पहुंच' को बढ़ावा देने में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सराहनीय भूमिका रही है। राष्ट्रपति इग्नू के 36वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले 2 लाख 80 हजार विद्यार्थियों में महिला छात्राओं की संख्या करीब 55 प्रतिशत है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में आधे से अधिक छात्राएं हैं। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा तक पहुंच' को बढ़ावा देने में इग्नू की सराहनीय भूमिका रही है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हुई है कि कुल विद्यार्थियों में से करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से हैं तथा 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा की ज्योति से अंधकार में प्रकाश फैलता है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हो रही है कि हजारों जेल के कैदी भी इग्नू से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह शिक्षा जेल के कैदियों के पुनर्वास तथा कारावास से निकलने के बाद एक बेहतर जिंदगी शुरू करने में उनके लिए सहायक होगी। उन्होंने कहा कि बहुत से विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों और परिस्थितियों की वजह से उच्च शिक्षा को जारी रखने में कठिनाई होती है। ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में इग्नू जैसे संस्थान मदद कर रहे हैं। इस प्रकार दूरस्थ शिक्षा की व्यापक सामाजिक-आर्थिक उपयोगिता है।

इग्नू के कुलपति नागेश्वर राव ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। वर्तमान में यहां 35 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 40 अन्य देशों के विद्यार्थी भी शामिल हैं।

**विश्वस्तरीय**

= कुल विद्यार्थियों में से करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से है तथा 50 प्रतिशत महिलाएं हैं: राष्ट्रपति



# आईपी कॉलेज में प्रदर्शन करने आए छात्र-छात्राओं को पुलिस हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज (आईपी कॉलेज) पर क्रांतिकारी युवा संगठन के छात्राएं प्रिंसिपल पूनम कुमारिया के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार सुबह प्रदर्शन करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने 27 प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर उन्हें बुराड़ी थाने भिजवा दिया गया। उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे आईपी कॉलेज के बाहर 15 से 20 छात्र-छात्रायें इक्कट्ठे होकर प्रदर्शन करने लगे। देखते ही देखते इनकी संख्या बढ़ने लगी। पुलिस ने उन्हें हटने के लिए कहा। लेकिन वह नहीं हटे। उसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और करीब 27 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए 15 लड़के व 12 लड़कियों को बुराड़ी थाने भेजा गया। इनमें आईपी कॉलेज की कोई छात्रा नहीं है। महिला आईपी कॉलेज पर प्रदर्शन करने के लिए क्रांतिकारी युवा संगठन और आइसा छात्र संगठन के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में सोमवार सुबह पहुंचे।



## न्यूज फ्लैश

### ग्रामीणों ने दंबगों पर लगाया जोहड पर अवैध कब्जा करने का आरोप,

**बापौली:** गोयला कलां गांव के कुछ ग्रामीणों ने बीडीपीओ कार्यालय बापौली में पहुंचर बीडीपीओ शक्तिसिहं से मुलाकात करते हुए गांव के जोहड पर कुछ दंबगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में जोहड पर अवैध कब्जा सरेआम करने से भविष्य में निकासी की समस्या पैछा हो सकती है। इसलिए समय रहते इसका समधान कराया जाए और अवैध कब्जा करने वालों पर कार्यवाही की जाए। इस पर बीडीपीओ ने तुरंत कार्यवाही करते हुए ग्राम सचिव व सरपंच को फोन कर जांच कर ठोस कार्यवाही करने और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रस्ताव पास कर एफआईआर करवाने के आदेश दिए। इस मौके पर सतपाल,मोनू रावल, ईशपाल धर्मसिहं, कर्मसिहं, सुरेश, तरसपाल, सतपाल आदि अनेक मौजूद थें।

### हरियाणा व यूपी के अधिकारीयों की बैठक स्थगित

**बापौली:** हरियाणा यूपी सीमा विवाद को लेकर बापौली तहसील में हरियाणा व यूपी के अधिकारीयों सहित किसानों की बैठक आयोजित होनी थी, लेकिन यूपी के अधिकारीयों के कोर्ट सम्बधित कार्य होने के कारण ना आने से स्थगित हो गई। एसडीएम समालखा के आदेश पर हरियाणा के किसानों ने नायब तहसीलदार बापौली कैलाश चंद को मांग पत्र दिया, ताकि रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराई जला सकें। इस दौरान हरियाणा के रिसपुर गांव के किसान पूर्व सरपंच नरसिहं, पूर्व सरपंच रविन्द्र,बिशम्बर, तेजपाल,मोनू आदि अनेक ने बताया कि उनकी फसल पक कर तैयार है और यूपी के किसान उनकी फसल पर अपना हक जता रहे है, जबकि उक्त फसल को उन्होने ही काश्त किया है। और उक्त जमीन भी उनकी ही है। इस पर तहसीलदार ने कहा कि जांच कर आगामी कार्यवाही के लिए रिर्पोट उच्चाधिकारीयों को भेज दी जाएगी।

### वैश्य स्कूल का समालखा को शिक्षित करने में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान: डॉ अर्चना गुप्ता

**समालखा:** वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा नए शिक्षा सत्र की शुरूवात से पूर्व हवन यज्ञ एवं विधि-विधान से माता सरस्वती पूजा करवाकर शिक्षा सत्र की शुरूवात करी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से शामिल होकर नए शिक्षा सत्र की शुरूवात की हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाए दी। डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत में शिक्षा विशेष महत्व है और हम सबको शिक्षा को लेकर लोगों जागरूक करना चाहिए। डॉ अर्चना ने कहा कि वैश्य एजुकेशन सोसायटी ने समालखा शहर ही नहीं आस पास के कहीं गांवों को शिक्षित किया और इस में वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।

इस अवसर पर डॉ अर्चना गुप्ता के साथ जिला परिषद की चेयरमैन ज्योति शर्मा, भाजपा नेता संजय छौक्कर, राजेंद्र गोयल ,सुशील जिंदल नरेश बंसल, पुरुषोत्तम दास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शुभम अग्रवाल की नजरें नैशनल पोकर सीरीज में अपने पांचवे पदक पर टिकी

**गुरुग्राम:** जैसे ही 29 मार्च से यह सबसे प्रतीक्षित पोकर टूर्नामेंट शुरू हुआ, गुरुग्राम के 31-वर्षीय शुभम अग्रवाल नैशनल पोकर श्रृंखला 2023 में अपने 4 पदकों की संख्या में एक और पदक जोड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अभी तक खेले गए 1,833 टूर्नामेंट में से 646 में जीत दर्ज कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शुभम को हमेशा रणनीती वाले खेल और अलग अलग तरह के ताश के खेलों में रूचि रही है और वे पोकर के खेल में अपने जूनून और महारत पाने की लगन के लिए जाने जाते हैं शुभम का जन्म जयपुर में हुआ था और उन्होंने ने देश के सबसे सम्मानित महाविद्यालयों में से एक, आईआईटी मद्रास से स्नातक किया है। नैशनल पोकर श्रृंखला इंडिया की शुरूआत के बारे में अपने विचार साझा करते हुए , शुभम अग्रवाल ने कहा , मेरा मानना है एक पदक जीतने के साथ जो यश मिलता है वही हर खिलाड़ी का अंतिम लक्ष्य होता है और यह बात पोकर के खेल में विशेष रूप से सिद्ध होती है। पोकर में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम की जरूरत होती है और इसका कोई और विकल्प या आसान रास्ता नहीं होता।

हर साल इसमें भाग लेने वाले लोगों की बढ़ती संख्या से पता चलता है कि इस खेल ने कितना नाम कमाया है और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ी है। करीब पिछले एक दशक से पोकर मेरा शौक रहा है और मुझे लगता है हर शौकीन व्यक्ति को पेशेवर तरीके से इस खेल की गहराई में उतरना चाहिए और इस खेल की बारीकियों को अच्छी तरह समझना चाहिए ।अपने जीवन में नैशनल पोकर सीरीज इंडिया के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है नैशनल पोकर सीरीज इंडिया, खिलाड़ियों में एक सामुदायिक भावना को बढ़ावा देती है जिससे पोकर को एक कौशल आधारित खेल बनाने में योगदान मिलेगा और उसे बस एक ताश के खेल के रूप में नहीं देखा जाएगा।

# गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए आंदोलन जरूरी: टिकैत

## सोमवार को मथुरा पहुंचे राकेश टिकैत ने सुनी किसानों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा /लोकेश चौधरी भारतीय**



किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सोमवार को मथुरा पहुंचे। चिरपरिचित अंदाज में टिकैत ने सरकार पर जोरदार हमला बोला। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की हितैषी नहीं है। वह सिर्फ किसानों को गुमराह करती रही है। बरसात से फसलों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता किसान हित में किसानों के लिए संघर्ष करें। गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए आंदोलन जरूरी है। सरकार ने दस दिन बाद भी नुकसान का सर्वे नहीं कराया। प्रदेश व केन्द्र सरकार किसान विरोधी है। वह किसान को मुआवजा देना नहीं चाहती। सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। टिकैत ने आरोप लगाया कि नगर निकाय चुनाव में सत्ताधारी दल बेईमानी करेगा। राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म किए जाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अभी दूसरे दलों के सांसदों की सदस्यता भी खत्म होगी। सरकार ने अभियान छेड़ रखा है या तो भाजपा में शामिल हो जाओ नहीं तो जेल जाओ। टिकैत सोमवार को यमुना एक्सप्रेस वे सड़क मार्ग से मथुरा पहुंचे। कृष्णा नगर स्थित महानगर कार्यालय पर संगठन कार्यकताओं ने साफा बांधकर राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत किया। यहां से वह जाजमपट्टी रवाना हो गए। छाता क्षेत्र के गांवों का दौरा किया और किसानों से बात की। इस दौरान लुकेश कुमार राही, महानगर अध्यक्ष पवन चतुवेर्दी, रमेश सैनी, किसान नेता राजवीर सिंह, विक्रांत सिंह, विवेक कुमार,आकाश बाबू, जितेंद्र सिंह बाजना, फैजान कुरेशी, रणवीर चाहर, गजेंद्र परिहार, बुद्धा प्रधान, देवेंद्र रघुवंशी, विपिन यादव, राकेश चैधरी, फतेह सिंह प्रधान, कुं नरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, विजेंद्र पटेल, नरेश सर, चंदू, रविकांत, प्रताप कुमार, शिव कुमार बाजना, रोहतास तंवर, राजू सर, लव कुमार, दिनेश मिस्त्री, विकास, आशीर्वाद, शंभू दयाल,ओमप्रकाश, एड कुलदीप, भानु प्रताप, भोला कर्दम, धारा पहलवान, राजू आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या में राम मंदिर तो पहरावर में बनेगा परशुराम मंदिर: नवीन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**प्रदेश** के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिन्द सोमवार को गोहाना रोड पर संजय कालोनी स्थित परशुराम धर्मशाला में पहुंचे और सभी जिला वासियों को 23 अप्रैल को रोहतक के पहरावर गांव में मनाये जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव में भारी संख्या में पहुंचने का न्यौता दिया। पानीपत में आयोजित बैठक में तय किया गया कि 104 वर्षीय दादा दुलीचंद कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहेंगे। इस अवसर पर पानीपत ब्राहमण सभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा, पूर्व प्रधान मास्टर हवा सिंह, रामचंद्र हल्का प्रधान इसराना, सुभाष प्रधान हरिनगर धर्मशाला, महाबीर मांडी, रामफल साहपुर, पूजा पाठी, पंडित देव नारायण, मनोज शर्मा, अमित शर्मा, सतरैन सिवाह, जयदेव शर्मा, एडवोकेट डीके पंडित, सोनू शर्मा, अजय शर्मा, वीरेंद्र अत्री, धर्मबीर बांध, बलराज कारद, रामनिवास परढाना, शोएब आलम, अनिल हिंदुस्तानी व अनूप संधू आदि मौजूद रहे।

## जेपी डीएवी स्कूल में हवन यज्ञ के साथ हुआ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**जे पी** डीएवी पब्लिक स्कूल हवन यज्ञ ,मंत्रोच्चारण व भजनों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश , शिक्षकों व छात्रों ने हवन में पूणार्हुति दी। मंत्रों के द्वारा सभी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना की गई। पुष्प वर्षा कर उन्हें सुमार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। नए बच्चों का स्वागत फूल मालाएँ पहनाकर किया गया। प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने छात्रों, गुरुजनों व अन्य सदस्यों को छोटे हों या बड़े सब का सम्मान करने का संदेश दिया। उन्होंने परस्पर सहयोग की भावना हृदय में जागृत हो इसकी कामना की। उन्होंने अनुशासन पर सर्वाधिक बल दिया।

## टेहा गांव के समीप जीटी रोड पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**गन्नौर। गन्नौर** नेशनल हाईवे 44 पर टेहा गांव के समीप पानीपत दिल्ली मार्ग पर दूध लेने जा रहे एक अज्ञात व्यक्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी । टक्कर इतनी तेज थी कि युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए गन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । गांव टेहा के मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरे पिता संजय सुबह करीब 5 बजे दूध लेने के लिए पानीपत से दिल्ली रोड पर गए थे । जब वह दूध लेकर वापस आने लगे तो पानीपत की साइड से आ रहे एक ट्रक चालक लापरवाही से ट्रक चलाते हुए मेरे पिता को टक्कर मार दी।

## शहर में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से शहर की दो सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**नगरपालिका** की ओर से करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत से 2 सड़कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। विधायक निर्मल चौधरी ने सोमवार को नारियल तोड़कर दोनों सड़कों का शुभारंभ किया। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि गन्नौर स्टेडियम से राजकीय मॉडल संस्कृतिक स्कूल तक करीब 450 मीटर व गढ़ी केसरी गांव से गैस एजेंसी गोदाम तक करीब 1100 मीटर सड़क का जीर्णोद्धार किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इस कार्य को एक माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। चौधरी ने सभी पार्षदो का आह्वान किया कि उनके वार्डो में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी रखें ताकि बेहतर विकास कार्य हो सकें। विधायक निर्मल



चौधरी ने कहा कि आज इन दो सड़कों का कार्य शुरू किया गया है और जल्द ही अन्य सड़कों के भी टेंडर लगाकर उनका भी जीर्णोद्धार किया जायेगा। उन्होंने शहर के लोगों को विश्वास व भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में पैसे की कमी नही आने दी जाएगी । इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने बताया कि शहर की टूटी हुई सभी सड़कों को चिह्नित कर लिया गया है। इन सड़कों के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अन्य सड़कों का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विधायक निर्मल चौधरी व उनके पास आए दिन लोगों की शिकायतें आती रहती थी।

# जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का हुआ विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला (मनीष कुमार)**



**श्री मणिभद्र वीर** यंग सोसायटी अम्बाला शहर के द्वारा चार दिवसीय जे सी पी एल डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पी. के. आर. जैन वाटिका के ग्राउंड में किया जाना है जिसकी ट्रॉफी का विमोचन कल सांय पी. के.आर. जैन ऑडिटोरियम के प्रांगण में किया गया। सर्वप्रथम नवकार मंत्र का उच्चारण किया गया। तदोप्रान्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री सलील जैन सुपुत्र श्री सूर्यकांत जैन मै. जैन जेवेलर्स द्वारा दिप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंच संचालन सुकान्त जैन द्वारा किया गया। ओर उन्होंने कार्यक्रम के मुख्यातिथि को मंच पर बुलाकर उनके द्वारा ट्रॉफी का विमोचन करवाया गया। साथ ही सोसायटी की प्रबंधक समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। सुकान्त जी ने टूनार्मेन्ट की जानकारी देते हुए बताया इस प्रतियोगिता में 8 टीम भाग ले रही है। प्रथम पुरस्कार 71000 रुपये ओर द्वितीय पुरुस्कार 51000 रुपये दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग ले रही टीम जे पी नाइट राइडर , नोवेल्टी फाइटर किंग, एम आर टी सी , मोनिका दी चैंपियंस, विज इंडियन, अरिहंत आर्मी, गंगा ओम अरुण, बोरोसिल फ्लेम बॉयज, के सभी सदस्यों को मंच पर बुलाया गया और टीशर्ट देकर परिचय करवाया गया। समाजसेवी सतपाल जी ने मंच से उध्बोधन करते हुए इस चार दिवसिय हो रहे टूर्नामेंट की सराहना की और सोसायटी का इस कार्यक्रम को करवाने के लिए उनका धन्यवाद किया।

टूर्नामेंट में सहयोग दे रहे सभी गणमान्य व्यक्तियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। अंत मे सोयायटी के चेयरमैन भाविक प्रधान लव जैन, उपप्रधान भारत जैन, सचिव संकेत, कोषाध्यक्ष विकुल, सहसचिव नव्यम, पुनीत, समर्थ, करून, अमन ने कार्यक्रम में सभी लोगो का कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद किया।

## नेस्ले इंडिया और एस एम सहगल फाउंडेशन ने पाँच गाँवों में किया दीर्घकालिक बदलाव

**पानीपत:** नेस्ले इंडिया ने एस एम सहगल फाउंडेशन और नूह जिले के स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर हरियाणा के नूह जिले के पाँच गाँवोंमें बड़ा बदलाव लाने का काम किया है। पायलट प्रोजेक्ट चार साल पहले लॉन्च हुआ था और साल-दर-साल मजबूत होता जा रहा है। प्रोजेक्ट वृद्धि का लक्ष्य है ग्रामीण स्वच्छता, पोषण, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा, खेत के प्रबंधन, तालाब के कायाकल्प, जल संरक्षण में सुधार और कृषि की नई तकनीकों तथा आजीविका कार्यक्रमों को अपनाने पर केन्द्रित एकीकृत ग्रामीण विकास के माध्यम से समुदाय के संचालन में गाँव का विकास करना। परियोजना के विस्तार पर अपनी बात रखते हुए नेस्ले इंडिया के चेयनमैन एवं प्रबंध निदेशक, श्री सुरेश नारायणन ने कहा, नेस्ले इंडिया में हमारा उद्देश्य है वर्तमान और भावी पीढ़ियों के हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिये भोजन की शक्ति को उजागर करना। ज्यादा स्वस्थ समाज बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के तौर पर हमने प्रोजेक्ट वृद्धि लॉन्च किया था, जो ग्रामीण कल्याण के लिये महत्वपूर्ण और जीवन को आकार देने वाले पहलूओं पर केन्द्रित है। प्रोजेक्ट वृद्धि ने चार साल पहले अपने लॉन्च के बाद से लगातार ठोसे प्रगति की है और 6000 से ज्यादा लोगों को सकारात्मक ढंग से प्रभावित किया है। परियोजना के मध्यवर्तनों से इन गाँवों के सर्वांगीण विकास में योगदान किया है। एस एम सहगल फाउंडेशन के ट्रस्टी, श्री जय सहगल ने विकास संबंधी मध्यवर्तनों में सस्टेनेबिलिटी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपने आस-पास आरोग्य तथा स्वच्छता बनाये रखने के प्रयास जारी रखने की अपील की।

## चौमुहां ब्लॉक पर पोषण पखवाड़े के तहत कराई गई प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा पोषण पखवाड़े के तहत व्यंजन रेसिपी एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं की क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा एवं सीडीपीओ वंदना शर्मा ने किया। चौमुहां ब्लॉक के सभागार में पोषण पखवाड़े के तहत आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने मोटे अनाज से व्यंजन रेसिपी प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। वही क्विज प्रतियोगिता में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। व्यंजन रेसिपी प्रतियोगिता में कस्बा की आंगनबाड़ी विजेता एवं ग्राम पंचायत शिवाल की प्रकाशवती प्रथम रही। वही क्विज प्रतियोगिता में नौगांव की संतोष राजपूत एवं सेनवा की धर्मवती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा ने पुरस्कृत किया।

# निर्धारित समय बाद भी व्यवस्थित नहीं हुए ई रिक्शा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**क्षमता** से अधिक ई रिक्शा के संचालन से गोवर्धन की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। डीएम ने ई रिक्शा व्यवस्थित कराने के लिए एआरटीओ, एसडीएम, पुलिस और नगर पालिका के ईओ को जिम्मेदारी सौंपी थी। इसी के परिपेक्ष अधिकारियों ने विगत दिनों पूर्व पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक कर ई रिक्शा संचालन की व्यवस्था को अलग अलग जोन में विभाजित किया था। एक अप्रैल से परिक्रमा मार्ग ग्रीन जोन में महज 400 ई



रिक्शा संचालन कराकर व्यवस्था बनाने का आश्वासन डीएम को दिया गया। ट्रैफिक व्यवस्था कागजों में सिमट कर रह गईं, अभी तक ई रिक्शा व्यवस्थित नहीं हुए हैं। परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोवर्धन में क्षमता से अधिक रिक्शा के संचालन से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। डीएम पुलकित खरे के निर्देश पर एसडीएम कमलेश गोयल, सीओ राम मोहन शर्मा, ए आर टी ओ मथुरा ने गोवर्धन में ई रिक्शा के संचालन के लिए बैठक कर ट्रैफिक प्लान तैयार किया। जिसे 1 अप्रैल से लागू कराने का आश्वासन अधिकारियों ने डीएम पुलकित खरे को दिया था। लापरवाह अधिकारी डीएम के निर्देश का अभी तक पालन नहीं करा सके हैं। हालात इतने बदतर हैं, कि परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थी श्रद्धालु चोटिल हो रहे हैं, स्थानीय लोग परेशान हैं। डीएम के निर्देश पर बनाया गया ट्रैफिक प्लान कागजों में ही सिमट कर रह गया।

# मथुरा वृंदावन निगम ने तम्बाकू उत्पादों पर लागू किए प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम नगर निगम लखनऊ तथा द्वितीय चरण में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा तम्बाकू वितरण के लिए लाइसेंस जारी किये जा रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र में बिना लाइसेंस प्राप्त किये तंबाकू बेचना प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ स्कूल एवं कॉलेज से 200 मीटर उपरान्त की लाइसेंस प्राप्त कर तम्बाकू बेचने की अनुमति होगी। कोटपा अधिनियम 2003 एवं नगर निगम मथुरा वृन्दावन तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण लाइसेंस उपविधि 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत तीन अप्रैल को जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम क्षेत्र में तीन तम्बाकू लाइसेंस आवेदकों रवि यादव पुत्र



सुरेश यादव दुकान विक्रय केन्द्र सिविल लाईन मथुरा, भूरी सिंह पुत्र स्व. निनुआ दुकान विक्रय केन्द्र टाउनशिप चैराहा व प्रमोद कुमार पुत्र मनोहर लाल दुकान विक्रय केन्द्र रेलवे स्टेशन रोड धोली प्याऊ मथुरा को लाइसेंस वितरित किये गये। लाईसेंस वितरण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर निगम मथुरा वृन्दावन से डॉ. केए कुरैशी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी व समस्त क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी तथा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक साथ एवं में लखनऊ से आये यूपीवीएचए यूनियन के सदस्य सुरजीत सिंह, डा. निधि सिंह पौराविक सीनियर टेक्निकल एडवाइजर, विवेक अवस्थी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, अमित यादव सीनियर टेक्निकल एडवाइजर आदि उपस्थित रहे।

**लाइसेंस लेने के लिए नियम व शर्तें:** नगर निगम मथुरा वृन्दावन में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद बिना लाइसेंस के बेचना 22 सितम्बर 2022 से प्रतिबन्धित है। सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद बेचने हेतु लाइसेंस के लिये नगर निगम मथुरा वृन्दावन में नगर स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में निर्धारित प्रारूप पर आवेदन किया जा सकता है। स्ट्रीट वेंडिंग नीति के अंतर्गत अस्थाई दुकानों के लिए वार्षिक पंजीकरण शुल्क 500, स्थाई दुकानों के लिए 1000, थोक स्थाई दुकानदारों के लिये 5000 होगा।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन पर लगाया गया रक्तदान शिविर

**8 गंगा राम कॉलोनी स्थित बीजीए विद्या निकेतन स्कूल में सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यन्त चौटाला के जन्मदिन पर वार्ड नंबर 25 की गंगा राम कॉलोनी स्थित बीजीए विद्या निकेतन स्कूल में सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 52 जजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जजपा के प्रदेश संगठन सचिव



देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि जिला प्रधान सुरेश काला और पानीपत ग्रामीण हलका प्रधान धर्मबीर राठी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। इस मौके पर देवेंद्र कादियान ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और पानीपत के कार्यकताओं ने रक्तदान करके उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की लंबी आयु की कामना की है।

कार्यक्रम के आयोजक अमित रंगा, मास्टर सतीश गाल्याण व सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण हलका प्रधान धर्मबीर राठी, सुभाष धीमान, लेखराज, ,जसबीर, रवि, नवीन जागलान, धनंजय, संगीत, शक्ति निंबरी, अरविंद, मनु मान, जयदेव, अंकित देशवाल व नरेश भोरिया आदि मौजूद रहे।

# वर्ल्ड क्लास 'कल्चरल सेंटर' बनवाएगी दिल्ली सरकार

## कला-संस्कृति मंत्री आतिशी ने विकासपुरी में बन रहे साहित्य कला परिषद के कल्चरल सेंटर को लेकर की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**सुविधाएं...**

= विकासपुरी में केजरीवाल सरकार का कल्चरल सेंटर शानदार ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, लाइब्रेरी, कांफ्रेंस रूम, ट्रेनिंग हॉल, गेस्ट रूम सहित तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा: आतिशी





**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार विकासपुरी में एक वर्ल्ड-क्लास 'कल्चरल-सेण्टर' बनवायेगी। देशभर के कलाकारों के लिए कई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ये सेंटर 1.09 एकड़ में फैला होगा। इस बाबत कला, संस्कृति और भाषा मंत्री आतिशी ने साहित्य कला परिषद के अधिकारियों के साथ इस आगामी कल्चरल सेंटर को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की। केजरीवाल सरकार की इस परियोजना का उद्देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। समीक्षा करते हुए, कला, संस्कृति और भाषा मंत्री आतिशी ने कहा कि विकासपुरी में बनने जा रहा नया कल्चरल सेंटर राजधानी में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में यह अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। कला, संस्कृति और भाषा मंत्री आतिशी ने कहा कि नए कल्चरल सेंटर को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे संगीत समारोह, नृत्य प्रदर्शन, थिएटर नाटकों, कला प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के लिए एक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

यह सुविधा उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और देश भर के स्थापित कलाकारों को साथ लाने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।

# रक्तदान दान करने से शरीर में नहीं आती कमजोरी: प्रदीप जिंदल



**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग के प्रसिद्ध समाजसेवी प्रदीप जिन्दल ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन अवश्य ही सफलता मिलती है, इसलिए सभी सत्य ही राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। समाजसेवी प्रदीप जिंदल ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, बल्कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान अवश्य ही मिल जाता है।



हिंदी भवन में दिल्ली कविता मण्डल के वार्षिकोत्सव में सम्मानित होते हुए कवि जगदीश मीणा।

# शालीमार बाग अंडरपास के प्रवेश गेट पर गंदगी का अंबार

## संबंधित विभाग समस्या के समाधान पर दें ध्यान: डॉ. ईश्वर दयाल सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** शालीमार बाग स्थित अंडर पास के प्रवेश द्वार के बाहर गंदगी का माहौल है। जिस कारण से यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शालामार ग्राम विकास सभा के प्रधान ईश्वर दयाल सैनी ने कहा कि आज दिल्ली में कई अंडरपास है, जहां पर गंदगी होने और वहां पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था न होने की वजह से रात में लोग इन अंडरपास से गुजरने में कतराते है। उन्होंने बताया कि शालीमार बाग रेलवे अंडरपास जो है, यहां पर हजारों की संख्या में वाहन और पैदल यात्री निकलते है लेकिन रात में इस अंडरपास में पर्याप्त रोशनी न होने की वजह से लोग इस ओर से जाने में कतराते है।



**संबंधित विभाग नहीं दे रहा समस्या के समाधान पर ध्यानः** शालामार ग्राम विकास सभा के प्रधान डॉ. ईश्वर दयाल सैनी ने बताया कि सबंधित विभाग समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते यहां आने-जाने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

**स्वच्छता अभियान हो रहा है फेलः** इस प्रवेश द्वार व अंडर पास में गंदगी का माहौल है, संबंधित विभाग सफाई की ओर ध्यान नहीं देता है। बरसात के मौसम में तो इस अण्डरपास से निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### गाय मलिको पर प्रशासन करें कार्यवाही: डॉ. ईश्वर दयाल सैनी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालामार** ग्राम विकास सभा के प्रधान डॉ. ईश्वर दयाल सैनी ने एमसीडी से मांग की है, जो भी रोड़ व गलियों में गाय घूम रही है, इन गाय मलिको पर प्रशासन कार्यवाही करें, जिससे की आगे से यह गाय मलिक गाय को गऊशाला या डेरी में ही रखे। उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की है कि सरकार अंडर पास की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करे, अंडर पास के बाहर जो गंदगी है, वहां पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए रोज सफाई करवाई जाये और जो वहां पर कूड़ा डालते है उस पर भी प्रशासन कार्यवाही करें।

**अंडरपास के बाहर आवारा पशुओं का जमावड़ाः** अंडरपास के बाहर जहां एक और गंदगी है तो वहीं इस गंदगी में पशु देखे जा सकते है। जिसकी वजह से कई बार एक्सीडेंट भी हो चुके है।

**पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था न होने से राहगीर होते है परेशानः** अण्डरपास में पर्याप्त रोशनी न होने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोग रात में यहां से निकलने से कतराते है।

# समस्या का समाधान करने में आगे हैं विधायक संजीव झाः जय प्रकाश यादव

## बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा के आदेशानुसार जलबोर्ड की टीम को लेकर आईपी कॉलोनी पहुंचा और लोगों की समस्या का समाधान करवायाः जय प्रकाश यादव









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी** विधानसभा आम आदमी पार्टी के सचिव और दिल्ली जलबोर्ड विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक कार्यालय पर सोमवार आईपी कॉलोनी सी ब्लॉक की कुछ महिलाएं गंदे पानी की समस्या लेकर आई थी। समस्या का समाधान हो, इसको ध्यान में रखते हुए बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा के आदेशानुसार जलबोर्ड की टीम को लेकर मैं आईपी कॉलोनी पहुंचा और मौके पर जाकर पानी लीकेज को सही करवाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कुलदीप कुमार, प्रेम सिंह सोनीपत भाई और प्रेम कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। दिल्ली जलबोर्ड विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने कहा कि आप सभी की जो भी समस्याएं है उनका समाधान किया जायेगा। अगर आपकी कोई भी समस्या है तो आप कार्यालय पर संपर्क कर सकते है, आपकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। श्री यादव ने उपस्थित लोगों को विधायक संजीव झा के द्वारा के क्षेत्र में करवाये जा रहे कार्यों से अवगत कराया और दिल्ली सरकार की जो भी योजनाएं है, उसके बारे में भी विशेष रूप से जानकारी दी। श्री यादव ने बताया कि दिल्ली सरकार आपकी सेवा में हमेशा ही तत्पर है, दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि आपको बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिले। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धानंद कॉलोनी में पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने करवाया दवाई का छिड़काव

## जनता को मिले बेहतर सुविधाएं, इसके लिए हूं प्रयासरतः टिम्सी सुरेश शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी वार्ड के अन्तर्गत आने वाले श्रद्धानंद कॉलोनी के एच ब्लॉक में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में मच्छर मरने वाली दवाई का छिड़काव करवाया गया। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एमसीडी के मलेरिया विभाग के द्वारा कीड़नाशक दवाईयों का छिड़काव करवाया गया। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# अहीर रेजीमेंट गठन पर ध्यान दें सरकार: सागर यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय सचिव सागर यादव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की दिलखोल कर सहायता करनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में सागर यादव ने बताया कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के द्वारा यादव समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि यादव समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि यादव समाज की अहीर रेजीमेंट की मांग को सरकार जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण रूप से भरोसा है कि केन्द्र सरकार यादव समाज पर ध्यान देते हुए अहीर रेजीमेंट का गठन जल्द से जल्द करेगी।



अशोक विहार में माता की चौकी के कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य।

# स्मृति भवन में अखिल भारतीय वैश्य क्रांति मोर्चा ने किया बैठक का आयोजन










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** वैश्य क्रांति मोर्चा की परिचय बैठक का आयोजन स्मृति भवन में किया गया। इसमें देशभर में वैश्य समाज को एकजुट कर एकता के सूत्र में बांधने की बात कही गई। आईटीओ स्थित स्मृति भवन में रविवार को अखिल भारतीय वैश्य क्रांति मोर्चा कार्यकारिणी की परिचय बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भगत की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मोर्चा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में देशभर से वैश्य समाज को एकजुट कर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय वैश्य क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय भगत व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों का पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे देश में ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर वैश्य समाज के लोगों को एकता के सूत्र में बांधा जाए। अखिल भारतीय वैश्य क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भगत ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित कर क्रांति मोर्चा से जुड़ने के लिए वह कई राज्यों का दौरा करेंगे। वही दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौधरी ने संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव जाकर युवाओं को मोर्चा से जोड़ने की मुहिम चलाने की बात कही। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भगत, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौधरी, नरेला से नवल किशोर, अशोक प्रधान, निशिकांत झा, सुनील शाह, राकेश मिश्रा, गुड्डू सम्राट, राजू सिंह, अनिल, सुनैना जैन, संध्या सुमन, राधा, बाला, कोमल, रीना, विश्वनाथ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कम समय में राजनीति के क्षितिज पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला: राजेश भाटिया

## गायों को चारा खिलाकर व हवन यज्ञ के माध्यम से की उपमुख्यमंत्री की दीर्घायु की कामना

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिवस के अवसर पर जजपा के जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया द्वारा सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर एक में 108 हनुमान चालीस का पाठ किया गया। इसके उपरांत हवन यज्ञ हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने आहुति डाली। वहीं राजेश भाटिया सहित अन्य जजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा खिलाकर तथा मंदिरों में केक कटवाकर जननायक जनता पार्टी एवं हरियाणा के स्तंभ उपमुख्यमंत्री के उज्जवल भविष्य स्वस्थ स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए



परमेश्वर से मंगल कामना की। इस मौके पर राजेश भाटिया ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में दुष्यंत चौटाला ने कम समय में उच्च मुकाम हासिल करके अपनी राजनैतिक सूझबूझ का परिचय दिया है, आज प्रदेश के हजारों-लाखों युवाओं के लिए श्री चौटाला प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे रहे है, जिस प्रकार से उपमुख्यमंत्री पद पर रहते हुए जहां वह लोगों की समस्याओं को दूर कर रहे है वहीं प्रदेशस्तर पर पार्टी संगठन को भी मजबूत कर रहे है, आज पूरे हरियाणा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जजपा का अपना संगठन है और यह उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सकारात्मक सोच के चलते ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज ऐसे युवा, तेजस्वी राजनेता के जन्मदिवस पर हम सभी को जजपा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए ताकि आने वाले समय में दुष्यंत चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाकर इस प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की जा सके। इन कार्यक्रमों में ओल्ड फरीदाबाद विधानसभा अध्यक्ष-कुलदीप तेवतिया, बल्लभगढ़ विधानसभा अध्यक्ष-दीपक चौधरी, एनआईटी 86 विधानसभा अध्यक्ष-हाजी करामत अली, वरिष्ठ नेता-बेगराज नागर एवं अजय सिंह चौधरी, पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष-हातम अधाना, जिला कोषाध्यक्ष-गगन अरोड़ा, जिला महासचिव-हरिराम किराड़, युवा महासचिव-शशि चौहान,युवा प्रदेश सचिव-गजेंद्र भड़ाना, सरदार परविंदर सिंह, डॉ देवेंद्र सिंह बक्शी, सीमा सितोरिया, अनिल किराड़, जिला सचिव-प्रेमपाल, सुशील कुमार, रिंकल भाटिया, अरविंद शर्मा, उपप्रधान-हरीश बवेजा, कोषाध्यक्ष-राजेश डंग, ओमप्रकाश भाटिया, अमित व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसा शिव दुर्गा विहार: विजय प्रताप

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत सोमवार को कांग्रेसी नेता एवं अभियान के जिला संयोजक विजय प्रताप बडखल विधानसभा क्षेत्र के शिव दुर्गा विहार में पहुंचे और लोगों की परेशानियाँ देखी, उन्होंने कहा की सड़क सीवर पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है शिव दुर्गा विहार के वासी विजय प्रताप ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर लोगों को इन समस्याओं से निजात दिलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि नगर निगम में अरबों रुपये के घोटाले कर जनता के टैक्स के पैसे खाकर नगर निगम को कंगाल करने वाली इस



बीजेपी सरकार के दिन अब गिनती के है।
तभी ये लोग सवा साल अधिक बीत जाने पर भी नगर निगम के चुनाव नहीं करा रहे है क्योंकि ये जानते है की जनता इस बार इन्हें बाहर का रास्ता दिखाएगी उन्होंने शिव दुर्गा विहार वासियो की रेलवे फाटक अंडरपास की माँग का भी समर्थन किया क्यों की लगभग 1.5 लाख की आबादी वाली इस कॉलोनी को इसकी बेहद आवश्यकता है उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार आने पर शिवदुर्गा विहार को अंडरपास की सौगात दिलायी जाएगी इस मौके पर उनके साथ पार्षद जितेंद्र भड़ाना संजीव भाई शुक्ला जी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूरे प्रदेश में गेहूं, सरसों की फसल को 40 से 90 प्रतिशत तक पहुंचा नुकसान: अनुराग ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से हुए गेहूं और सरसों की फसलों के नुकसान की गिरदावरी शुरू करवाने की मांग की है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मौसम के बदलाव से पूरे प्रदेश में लगभग 40 से 90 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने अभी तक भी गिरदावरी करने का काम शुरू नहीं किया है।उन्होंने कहा कि किसानों से बातचीत में पता चला है कि न ई पोर्टल चल रहा है और गाँव में पटवारियों ने गिरदावरी का काम अभी शुरू नहीं किया है।उन्होंने कहा कि इसको लेकर प्रदेश के किसानों में रोष है। उन्होंने कहा कि कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पूरे प्रदेश में ही ज्यादातर फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं रोहतक जिले में भी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से 40 से 90 प्रतिशत तक गेहूं की खड़ी फसल गिर गई। वहीं ज्यादातर सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।इससे किसानों को दोहरी मार पड़ी है। उन्होंने कहा कि फसलों की खरीद से किसान परिवारों की भविष्य की योजनाएं भी जुड़ी होती हैं। एक तरफ बच्चों को नए सत्र में स्कूलों में दाखिला दिलाना होता है। वहीं बच्चों के शादी विवाह की तैयारी भी फसलों की बिक्री पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि इस बार के फसल नुकसान ने किसान परिवारों की भविष्य की योजनाएं भी चौपट कर दी हैं। उन्होंने कहा कि एक किसान 25 हजार से लेकर 40 हजार प्रति एकड़ ठेके पर लेकर अपने परिवारों को पालते हैं। फसल नुकसान से किसान परिवारों को रोजी रोटी संकट भी पैदा हो गया है। अनुराग ढांडा ने खड़ी फसल गिरने से गेहूं और सरसों का दाना कमजोर और काला भी पड़ने लगा है। इससे जो भी फसल होगी, उसका मंडी में भी उचित दाम नहीं मिलेगा। वहीं प्रदेश के आधे से ज्यादा किसान कर्ज के बोझ के नीचे दबे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री न महिलाओं से संवाद कर रहे हैं, न किसानों से संवाद कर रहे हैं। न मजदूरों से संवाद कर रहे हैं। न नौजवानों से संवाद कर रहे हैं। और न बुजुर्गों से संवाद कर रहे हैं। वे केवल बीजेपी कार्यकताओं से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी का उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने 10 दिन में मुआवजा राशि देने का ऐलान किया है। जबकि हरियाणा में न इ-पोर्टल चल रहा है, न गिरदावरी का काम शुरू हुआ है। सरकार से आग्रह है कि जल्द से जल्द प्रदेश के सभी जिलों में फसलों को पहुंचे नुकसान की जल्द गिरदावरी पूरी करवाकर राज्य सरकार किसानों को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा राशि सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार से आग्रह है कि निश्चित समय अवधि में गिरदावरी पूरी करवाकर किसानों को जल्द मुआवजा राशि मिलनी चाहिए, जिससे किसानों को इस संकट की घड़ी में सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में गेहूं खरीद की भी मंडियों में कोई तैयारी नहीं की गयी। मंडियों में न बारदाने का प्रबंध किया है। न ही तिरपाल की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने सरकार से मांग की मंडी में फसल को ढकने के लिए शेड और तिरपाल की उचित व्यवस्था की जाए।

### अयोध्या में राम मंदिर और पहरावर में परशुराम मंदिर बनेगा: जयहिन्द

**पानीपत:** नवीन जयहिन्द आज पानीपत की परशुराम धर्मशाला पहुंचे। सभा में मौजूद धर्मशाला के प्रधान एवं समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर एक मीटिंग की और सभी को रविवार 23 अप्रैल को रोहतक के पहरावर गांव में होने जा रही भगवान परशुराम जन्मोत्सव का पीले चावलों के साथ न्यौता दिया। मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि 104 वर्षीय दादा दुलीचंद कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहेंगे क्योंकि दादा दुलीचंद की वजह से ही दो लाख विकलंगों, बुजुर्गों व विधवा महिलाओं की पेंशन बनी थी। जयहिन्द ने कहा कि हम सभी 36 बिरादरी को न्योता देंगे। गत 1 अप्रैल को कुरुक्षेत्र की सभी 36 बिरादरी की धर्मशालाओं में पीले चावलों संग न्यौता दिया था। इस अवयर पर प्रधान राम रत्न शर्मा, पूर्व प्रधान मास्टर हवासिंह, रामचंद्र, सुभाष, महाबीर मांडी, रामफल, पूजा पाठी ब्राह्मणों के प्रधान पंडित देव नारायण, मनोज शर्मा, अमित शर्मा, सतरैन सिवाह, जयदेव शर्मा, एडवोकेट डी के पंडित, सोनू शर्मा, अजय शर्मा, वीरेंद्र अत्री, धर्मबीर बांध, बलराज कारद, रामनिवास, शोएब आलम, अनिल हिंदुस्तानी व अनूप संधू आदि मौजूद रहे। वहीं सभा से पूर्व नवीन जयहिन्द की नशे के खिलाफ भाईचारा कावड़ यात्रा निकलने को लेकर हुए केस के मामले में पानीपत कोर्ट में पेशी हुई।

# उमेश भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का 35वां जन्मदिन अशोका एन्क्लेव स्थित जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी के कार्यालय पर केक काटकर बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी के तस्वीर पर तिलक करके उनके लम्बी उम्र की कामना की गई। जन्मदिवस के अवसर पर तिगांव विधानसभा से सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे । जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी ने कार्यकताओं के साथ मिलकर केक काटा और सभी ने उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला जी की दीघार्यु व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की



और जिंदाबाद के नारे लगाए। गौरतलब है की फरीदाबाद में सुबह से ही कई जगहों पर जेजेपी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला जी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मना रही है। ऐसे में जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी ने भी अपने कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं के साथ डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी का 35 व जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया । इस मौके पर उमेश भाटी जी ने कहा कि दुष्यंत चौटाला पूरे प्रदेशवासियों और खासकर युवाओं के लिए वह आशा हैं, प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हरियाणा के निजी उद्यमों में 75 फीसद तक नौकरी दिलाने का अपना वादा पूरा किया। और बुढ़ापा पेंशन योजना में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है आने वाले समय इसकी राशि 5100/- होने वाली है इतना ही नहीं पूरे प्रदेशभर में बेटियों की शिक्षा का उत्तम प्रबंध करने के उद्देश्य से रोडवेज बसों द्वारा उन्हें गांव से शैक्षणिक संस्थानों तक लाने और ले जाने की व्यवस्था करवाई है। नित्य नए लाभदायक फैसलों से आज हरियाणा पूरे देश में एक आदर्श राज्य के रूप में कार्य कर रहा है जिसका श्रेय उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी की कार्यप्रणाली व गठबंधन सरकार को है। उमेश भाटी जी ने कहा की हरियाणा की जनता उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी को सीएम के रूप में देखना चाहती है और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जी ने जिस तरह से 2014 में सबसे कम उम्र में लोकसभा में सांसद बनकर दिखाया था वैसे ही सबसे कम उम्र में वह सीएम बनकर हरियाणा को और ऊचाई पर ले जाने का काम करेंगे क्योकि उनकी उम्र अभी बहुत कम है और वह हरियाणा की राजनीति में सबसे उभरता हुआ चेहरा है ऐसे में हम सब पार्टी कार्यकर्ता आज भगवान से प्रार्थन करते है की वह हरियाणा के सीएम बने इस मौके पर कल्पना भाटी,गगन सिसोदिया, कृष्ण पाल सिंह पवार, हरिओम जादौन ,जीत चौधरी , सुमित कनोजिया, अनूप, पीयूष, हर्ष ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आहुलाना के राजू खासा बने बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर इंडिया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** बीएसटी कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूल के परिसर में इंडिया बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस फेडरेशन द्वारा 16वीं मिस्टर इंडिया चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से 300 करीब महिला व पुरुष बॉडी बिल्डरों से अपने सुडौल शरीर का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में आहुलाना के राजू खासा ने मिस्टर इंडिया ओवर ऑल का खिताब अपने नाम किया। जबकि ओडिसा के देबाशीष दत्ता दूसरे नंबर पर रहा। इस तरह महिलाओं में



कमलजीत व करिश्मा विजेता रही। बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने विजेताओं को इनाम देकर सम्मानित किया। कादियान ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जोड़ना चाहिए। इससे शरीर तो स्वस्थ रहता है, करियर बनाने की अपार संभावनाएं होती है।

### कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**बल्लभगढ़(हरपाल सिंह यादव)।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को बल्लभगढ़ उप मण्डल स्तरीय सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। जहां पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने उपमंडल स्तरीय सचिवालय जनता को समर्पित किया था। यहां एक छत के नीचे विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठ कर जन समस्याओं का निपटान कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इसी व्यवस्था के मद्देनजर औचक निरीक्षण किया गया है। जहां सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सफाई व्यवस्था और रिकॉर्ड को सही रखने की हिदायतें मंत्री जी ने अधिकारियों को दी।

# वार्ड 6 व 7 में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम का हुआ आगाज



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** वार्ड-6व 7 में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का शुभारंभ गांव फाजिलपुर के भगवान शिव मंदिर में मत्था टेककर किया। इसके बाद पार्क में एक बैठक को संबोधित किया। इसेक बाद वार्ड-7 स्थित गांव रायपुर की चौपाल में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद रेनू प्रवीन सैनी, चाँदरुप प्रधान, सुरेंद्र खत्री, जयभगवान राणा विशेष रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों ने फूलमालाओं के साथ सभी का जोरदार स्वागत किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुनः दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनैक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। एससी, बीसी का बैकलॉग पूरा किया जाएगा। बैक्वर्ड क्लास की क्रीमी लेयर 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाएगी। कांग्रेस राज के समय बनाई गई पुनानी खेल नीति को दोबारा बहाल किया जाएगा। ठप्प पड़े विकास कार्यों को पुनः बहाल किया जाएगा। इस दौरान यात्रा के कार्डिनेटर सुरेश योगी, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व सदस्य एचपीएससी, रणदीप खोखर, कृष्ण मलिक, पुनीत राणा, सुमित खंडेलवाल, देवेंद्र, राजेंद्र, महेंद्र सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# बीजेपी कांग्रेस से हुआ लोगों का मोहभंग

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अशोक तंवर ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रदेश की जनता का दोनों से मोहभंग हो चुका है। डॉ अशोक तंवर मंगलवार को वार्ड नंबर 10 में भावी उम्मीदवार सुदेश राणा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। सुदेश राणा ने डॉक्टर अशोक तंवर का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ आप नेता धर्मबीर भड़ाना, प्रवेश मेहता, राजेंद्र शर्मा, ओ पी वर्मा, खैमी ठाकुर, राजा भैया, राम गौर, सुभाष बघेल, संतोष



कुमार, हरजिंदर मेंहदीरत्ता, मंजीत सिंह, देवराज, मुल्कराज भड़ाना आदि मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अशोक तंवर ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में जो लोगों को राहत प्रदान की है, वह पूरे देश में अपने आप में एक मॉडल साबित हो रहा है, उनकी इस नीतियों से लोगों में आम आदमी पार्टी से जुडने. के लिए खासा उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है और वो जानते हैं कि लोगों का कोई पार्टी भला कर सकती है, तो वह केवल आप पार्टी है। तंवर ने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई और इसी डर के कारण नगर निगम चुनावो से भाग रही हैं क्योकि इस बार जनता ने नेक नियत वाली आम आदमी पार्टी को चुनने का फैंसला कर लिया हैं। उन्होने कहा कि नगर निगम चुनावों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी पूरे हरियाणा में तैयारी कर रही है और कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोडने. का प्रयास किया जा रहा है।

# राज्यव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल को स्थगित करने का एलान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। नगरपालिका** कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने गोल्फ क्लब मैं आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पालिका,परिषद , निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मियों की 24 मार्च से चल रही क्रमिक भूख हड़ताल व आक्रोश प्रदर्शनों के दबाव में सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री डॉ कमल गुप्ता से 5 अप्रैल दोपहर 3 बजे हरियाणा निवास चंडीगढ़ में वार्ता का निमंत्रण भेजा है। सरकार के निमंत्रण पर संघ ने विचार उपरांत निर्णय लेते हुए राज्यव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल को स्थगित करने



एलान कर दिया गौरतलब है कि फरीदाबाद निगम मुख्यालय पर सीवर मेन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया की अध्यक्षता में बैठे भूख हड़ताली कर्मचारियों को प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवा दी है। श्री शास्त्री ने बताया कि वार्ता के बाद संघ 8 अप्रैल को रोहतक में राज्य कमेटी की बैठक में सरकार से हुई वार्ता की समीक्षा कर आगामी आंदोलन की रणनीति बनाएगा जिसका ऐलान 9 अप्रैल को रोहतक में ही प्रदेश की पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमो व अग्निशमन विभाग के कार्यकताओं तथा महिला सब कमेटी के इकाई जिला एवं राज्य के पदाधिकारियों का राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर भविष्य के आंदोलन की रण नीति का ऐलान करेगा तथा महिला राज्य सब कमेटी का आगमी 3 वर्षो के लिए भी गठन किया जाएगा। शास्त्री ने ऐलान करते हुए कहा कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर पुरानी पेंशन बहाल करने व अन्य मांगों को लेकर दिल्ली में 5 अप्रैल को किये जाने वाले प्रदर्शन में भी शहरी स्थानीय निकायों व अग्नि शमन विभाग के कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे। श्री शास्त्री ने सरकार को चेतावनी दी है, कि यदि सरकार ने तुरंत प्रभाव से 29 अक्टूबर 2022 के समझौते में मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं की तथा सरकार द्वारा जारी किए गए पत्रों को पालिका परिषद निगम अधिकारियों ने तुरंत प्रभाव से लागू करते हुए सफाई कर्मचारियों सीवरमैन को पक्का करने का कार्य शुरू नहीं किया तथा कच्चे कर्मियों को एलटीसी व वर्दी नही दी तथा तेल साबुन, समान काम समान वेतन, ठेके के कर्मचारियों को बैंक के माध्यम से वेतन ईएसआई, इपीएफ का लाभ तथा नगर निगम फरीदाबाद के जूनियर इंजीनियर हेमंत त्यागी व दादरी बराड़ा हांसी गुरुग्राम सहित अन्य निकाले गए। ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर पुनः बहाल करने व अग्निशमन विभाग के अनुबंधित 1327 ड्राइवर व फायरमैनो को स्वीकृत पदों पर समायोजित कर 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी देने समान काम समान वेतन का लाभ तुरंत प्रभाव से नहीं दिया।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर दिनभर बैठकों का दौर चलता रहा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत हनुमान** जन्मोत्सव 2023 के लिए आज दिनभर बैठकों का दौर चलता रहा पानीपत की 36 बिरादरीयों के प्रतिनिधियों ने जगन्नाथ मंदिर में साथ रहकर पानीपत को एक सूत्र में बांधने का निर्णय लिया। हनुमान जन्मोत्सव समिति के 36 बिरादरी संयोजक मेघराज गुप्ता के नेतृत्व में सतबीर गोयल 36 बिरादरी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, सभी बिरादरी की ओर से प्राण रत्नाकर एवं बसंत बहुत से आग्रह किया गया की हनुमान जी रथ पर बाल्मीकि रामायण को भी स्थापित किया जाए। आदर पूर्वक बाल्मीकि



रामायण को अपने सिर पर लाकर हनुमान जी के रथ पर विराजमान किया जाए। उक्त आग्रह का सभी 36 बिरादरी उन्हें जोरदार करतल ध्वनि से स्वागत किया।गुज्जर बिरादरी के प्रतिनिधि लैय्या बिरादरी प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने कहा की हनुमान जन्मोत्सव एक ऐसा उत्सव है जब सब एक मंच पर होंगे जब सारी भाई बिरादरी एक साथ बैठती है तो जीवन का उल्लास ही कुछ और होता है हनुमान जन्मोत्सव का दिन इस उल्लास को अनुभव करने का दिवस है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का एक वर्ष पूरा होने पर वार्षिक बैठक आयोजित

**बैठक में वित्त वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा किया गया प्रस्तुत, वित्त वर्ष 2023-24 के आगामी रोडमैप पर हुई मंत्रणा, आदर्श रसोई के वार्षिकोत्सव को लेकर हुआ विचार- विमर्श**






















## वित्त वर्ष 23-24 का रोडमैप तैयार

- पिछले 01 वर्ष में "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती गई
- आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और उनके परम मित्र सुरेंद्र चोपड़ा जी ने संयुक्त रूप से रखीं थी
- यादों भरा रहा आदर्श रसोई का सफर
- आदर्श रसोई को सबका मिला सहयोग
- 1 वर्ष पूर्ण पर सहयोगियों का होगा सम्मान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी दिल्ली की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था 'आदर्श रसोई' का एक वर्ष पूर्ण होने पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्त वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तो वहीं वित्त वर्ष 2023-24 के रोडमैप पर गहन रूप से मंत्रणा और विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने- अपने विचार रखे और "राकेश भारद्वाज चौक" पर आयोजन होने वाले इस विशेष रविवारीय कार्यक्रम को और भव्य रूप देने पर चर्चा हुई।

## सफलतापूर्वक पूरा हुआ आदर्श रसोई का एक वर्ष का कार्यकाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था 'आदर्श रसोई' पिछले एक वर्ष से "राकेश भारद्वाज चौक" पर विशेष रविवारीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसमें मात्र 10 रूपए में जरूरतमंदों को लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोसी जाती है। पिछले एक वर्ष में "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित किए हैं।

## 2019 में रखीं गई थी आदर्श रसोई की नींव

वर्ष 2019 में निःस्वार्थ रूप से कार्य करने वाली समाजसेवी संस्था आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और उनके परम मित्र सुरेंद्र चोपड़ा जी ने संयुक्त रूप से रखी थी। शुरूआती दिनों से ही आदर्श रसोई की धीरे-धीरे चर्चा होने लगी थी। लेकिन इसी बीच कोरोना महामारी ने दस्तक दे दी जिस कारण आदर्श रसोई का कार्य बाधित हो गया। कोरोनाकाल में परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी भी कोरोना की चपेट में आ गए और उनका परलोकगमन हो गया।

## "राकेश भारद्वाज चौक" पर नए फ्लेवर-क्लवेर के साथ पुनः शुरू हुई आदर्श रसोई


10 अप्रैल 2022 को मजलिस पार्क के सबसे व्यस्ततम चौक को तत्कालीन सिविल लाइन जोन के चेयरमैन नवीन त्यागी की अगुवाई में और क्षेत्रीय सांसद डॉ हर्षवर्धन की उपस्थिति में श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के नाम से चौक का नामकरण किया गया। इसके बाद परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के विचारों, सिद्धांतों पर चलते हुए राकेश भारद्वाज जी के मित्र सुरेंद्र चोपड़ा और मोहन गर्ग सहित अन्य साथियों ने राकेश भारद्वाज जी के सुपुत्र रवि भारद्वाज को साथ लेकर पुनः रसोई की शुरूआत की। 10 अप्रैल 2022 को दोबारा शुरू हुई आदर्श रसोई का विशेष रविवारीय कार्यक्रम अनवरत जारी है।

## उपलब्धियों भरा रहा आदर्श रसोई का एक वर्षीय कार्यकाल

इस एक वर्ष के दौरान राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने अपने नाम कई उपलब्धियां की। क्षेत्र के सामाजिक, राजनैतिक और प्रबुद्ध लोगों ने दिल खोलकर आदर्श रसोई के कार्यक्रम में जहां शिरकत की वहीं आदर्श रसोई के माध्यम से अन्न दान भी किया। साथ ही चौक पर मौजूद दुकानदारों, मजदूरों और स्थानीय लोगों ने भी दिल खोलकर आदर्श रसोई का साथ दिया।

## हर कोई बनना चाहता है अन्नदान का भागीदार

हर कोई आदर्श रसोई के माध्यम से समाजसेवा का अमृतपान करना चाहता था।


देखते ही देखते आदर्श रसोई के सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी होती चली गई। सभी ने दिल खोलकर आदर्श रसोई में तन-मन और धन से सहयोग किया। आज आदर्श रसोई ने भी एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है जो दूसरी संस्थाओं के लिए भी नजीर पेश करती है।

## खुशनुमा यादों भरा रहा आदर्श रसोई का सफर

आदर्श रसोई के विशेष रविवारीय कार्यक्रम की हर ओर चर्चा होती है। हर किसी के जुबां पर आदर्श रसोई का नाम है। किस तरह यह संस्था कार्य करती है और भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन करती है। आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम की बात करें तो पिछले एक साल में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अन्न दान में अपना भरपूर योगदान दिया।

## इन महानुभावों ने बतौर मुख्यअतिथि की शिरकत

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व विधायक व मंत्री मंगत राम सिंघल, पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, निगम पार्षद चित्रा विद्यार्थी, निगम पार्षद जलज चौधरी, निगम पार्षद अजीत यादव, पैरामेडिकल बोर्ड के चैयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, पूर्व सिविल लाइन जोन के चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल, पूर्व ज़िलाध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व ज़िलाध्यक्ष अजय शर्मा, दिल्ली पुलिस के एसीपी करन सिंह राणा, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, आजादपुर मंडी से जुड़े व्यापारी नेता राजू कोहली, अशोक कौशिक, दिल्ली एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के चुने हुए मेम्बर महेंद्र सनपाल पप्पा, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल, आदर्श नगर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेश गुप्ता, प्रसिद्ध सामाजिक परिवार राम करण कंसल परिवार, सतपाल यादव परिवार, सुलभ गुप्ता परिवार, रोहित गोयल परिवार, केवल पार्क रामलीला समिति सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजसेवी परिवारों और आदर्श रसोई के सदस्यों ने रसोई के माध्यम से अन्न दान किया। वहीं, बच्चों के साथ-साथ बड़े-बुजुर्गों के जन्मदिन और परिजनों की पुण्यतिथियों पर भी विभिन्न परिवारों ने आदर्श रसोई के माध्यम से अन्नदान किया

## राकेश भारद्वाज चौक पर हर रविवार होता है एक उत्सव सा माहौल

"राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के विशेष रविवारीय कार्यक्रम के लिए सभी का सहयोग मिलता है। राकेश भारद्वाज चौक पर व्यपारियों, निवासियों के साथ-साथ मजदूरों का भी पूर्ण सहयोग रहा। बिना इनके सहयोग के आदर्श रसोई आज इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती। सहयोग के लिए आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारी सबका आभार प्रकट करते हैं।

## वार्षिक बैठक में आगामी रविवारीय कार्यक्रमों को लेकर हुई मंत्रणा


आदर्श रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने पर बैठक में पदाधिकारियों ने गहन मंत्रणा की और सभी ने अपने-अपने विचार रखे। सभी ने एकमत होकर कहा कि आदर्श रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। तय किया गया कि वार्षिक कार्यक्रम को सहयोग देने वाले लोगों और समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पदाधिकारियों का भी सम्मान होगा। बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 में आदर्श रसोई के कार्यक्रमों को और भी भव्य रूप से आयोजन किया जाएगा, जिसका रोडमैप तैयार किया गया।

## सम्मान राशि के रूप में ही लिया जाते हैं 10/- रुपये

हफ्ते दर हफ़्ते लजीज व्यंजनों से भरी विशेष थाली पेश की जाती है। आदर्श रसोई के विशेष रविवारीय कार्यक्रम में हर सप्ताह विभिन्न व्यंजनों से भरी थाली 10 रूपए में परोसी जाती है। वहीं, पानी की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।







आदर्श रसोई ने पिछले 48 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **-रामलाल उनियल, चेयरमैन**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई नींव इस उद्देश्य से रखा गया था कि जरूरतमंदों की सेवा करनी है और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम को जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। **-सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन। **-पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**



पिछले 01 वर्ष से आदर्श रसोई हर रविवार नि:स्वार्थ रूप से कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। पदाधिकारी नि:स्वार्थ रूप से कार्यक्रम को बेहतरीन और भव्य बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहते हैं। यहीं कारण है कि आज आदर्श रसोई की चर्चा चहुंओर है और हर कोई आदर्श रसोई के माध्यम से अन्न दान करना चाहत है। **- मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **- रवि भारद्वाज, संयोजक**



आदर्श रसोई का नि:स्वार्थ भाव से समाजसेवा में योगदान देने इसे दूसरे संस्थाओं से अलग बनाता है। पिछले 48 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन करती आई है और यह अनवरत रूप से जारी रहेगा। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **-गुदयाल छाबड़ा, संरक्षक**